Title Code :- RAJHIN27855

TDN THE DAYSPRING NEWS

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 | अंक:251 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार/ 4 अक्टूबर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

# प्रधानमंत्री शनिवार को 62 हजार करोड़ रुपये की युवा-केंद्रित योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं और पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के 46 अखिल भारतीय टॉपरों को सम्मानित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित योजना 'पीएम-सेतु' (प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत देशभर के 1 हजार सरकारी आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा। इस मॉडल में 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल होंगे, जिनसे उन्नत बुनियादी ढांचा, आधुनिक ट्रेड, डिजिटल लर्निंग सिस्टम और इनक्यूबेशन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालयों और 200 एकलव्य आवासीय विद्यालयों में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इन प्रयोगशालाओं में आईटी, ऑटोमोटिव, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे 12 प्रमुख क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षण मिलेगा। इस परियोजना के अंतर्गत 1,200 व्यावसायिक शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष जोर बिहार की परियोजनाओं पर रहेगा। प्रधानमंत्री राज्य की पुनर्निर्मित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ करेंगे। स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत हर साल लगभग पांच लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक 1,000 रुपये मासिक भत्ता और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। वहीं, क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 4 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त शिक्षा ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री बिहार युवा आयोग का उद्घाटन करेंगे, जो 18 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए एक वैधानिक निकाय होगा। वे जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन भी करेंगे, जो उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कार्यबल तैयार करने पर केंद्रित होगा। प्रधानमंत्री मोदी पीएम-उषा (प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) के अंतर्गत बिहार के चार विश्वविद्यालयों—पटना विश्वविद्यालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय (मधेपुरा), जय प्रकाश विश्वविद्यालय (छपरा) और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय (पटना)—में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ये सुविधाएं 27 हजार से अधिक छात्रों को लाभान्वित करेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एनआईटी पटना के बिहटा परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिसमें 5जी यूज केस लैब, इसरो के सहयोग से क्षेत्रीय अंतरिक्ष शैक्षणिक केंद्र और नवाचार एवं इनक्यूबेशन केंद्र जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बिहार सरकार में 4 हजार से अधिक नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और मुख्यमंत्री बालक/बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 9 और 10 के 25 लाख छात्रों को 450 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण करेंगे।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने हरियाणा में किया साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन, बोले- एनसीआर की डेयरी से जरूरतें होंगी पूरी, किसानों की आय बढ़ेगी



**कुरुक्षेत्र/रोहतक।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा दौरे पर रोहतक में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के खेल मैदान में बने साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से बने इस संयंत्र को देश का सबसे बड़ा दही, छाछ, योगर्ट और मिठाई उत्पादन केंद्र बताया गया है। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां कहा कि इस प्लांट के संचालन से न केवल पूरे एनसीआर की डेयरी जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि हरियाणा के किसानों और पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में देशभर में 75 हजार नई डेयरी समितियां बनाई जाएंगी और 2030 से पहले सहकारिता समितियों का नेटवर्क पूरे देश में खड़ा कर दिया जाएगा। अमित शाह ने हरियाणा की भूमि और परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा, कि यह वही धरती है जहां श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया। हरियाणा छोटा जरूर है, लेकिन सेना, खेल और कृषि क्षेत्र में देश को सबसे ज्यादा योगदान देने वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि गुजरात में सहकारिता आंदोलन के तहत 35 लाख महिलाएं डेयरी क्षेत्र में सक्रिय होकर 85 हजार करोड़ का व्यापार कर रही हैं, और अब हरियाणा में भी वैसा ही परिवर्तन देखने को मिलेगा। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने राज्य सरकार को सुझाव दिया कि भ्रूण स्थानांतरण व लिंग निर्धारण तकनीक पशुपालकों तक पहुंचाई जाए और साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहकारिता मंत्रालय बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे देशभर में सहकारिता आंदोलन को नई ताकत मिली है।

**छात्र संगठनों का विरोध :** शाह के कार्यक्रम से पहले एमडीयू परिसर में छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि आयोजन स्थल की तैयारी में ग्राउंड को नुकसान पहुंचाया गया। हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने छात्र नेता प्रदीप देशवाल को नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर लिया।

## राष्ट्रपति ने चार देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को मॉरिटानिया, लक्ज़मबर्ग, कनाडा और स्लोवेनिया के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में इस्लामी गणराज्य मॉरिटानिया के राजदूत अहमदौ सिदी मोहम्मद, लक्ज़मबर्ग के ग्रैंड डची के राजदूत क्रिश्चियन बीवर, कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर और स्लोवेनिया गणराज्य के राजदूत टोमाज़ मेनसिन शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉरीशस में हाइड्रोग्राफिक मिशन के लिए पहुंचा सतलुज युद्धपोत



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना इलाके के अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने में लगी हुई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नौसेना का जंगी युद्धपोत आईएनएस सतलुज मॉरीशस के पोर्टलुईस बंदरगाह पर पहुंच चुका है। उसके द्वारा यहां पर मुख्य रूप से 18वां संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण किया जाएगा। जिसमें लगभग 35 हजार वर्ग समुद्री मील का विस्तृत इलाका शामिल होगा। नौसेना ने बताया कि क्षमता निर्माण प्रयासों के एक भाग के रूप में मॉरीशस के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारी जल सर्वेक्षण डेटा संग्रह और प्रसंस्करण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जहाज पर सवार होंगे। यह मिशन मौजूदा वर्ष-2025 की शुरुआत में हाइड्रोग्राफी पर आयोजित की गई 14 वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान हस्ताक्षरित दीर्घकालिक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के ढांचे के तहत संचालित किया जा रहा है। मॉरीशस में आईएनएस सतलुज की तैनाती उन्नत वैज्ञानिक सहयोग और रणनीतिक समुद्री संबंधों के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इसके अलावा यह दोनों देशों के बीच गहन समुद्री सहयोग को भी दर्शाता है।

### चुनाव प्रेक्षक लोकतंत्र के प्रकाशस्तंभ : मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले उपचुनावों के लिए केंद्रीय प्रेक्षकों की ब्रीफिंग आयोजित की। नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में आयोजित इस बैठक में 287 आईएएस, 58 आईपीएस तथा 80 आईआरएस/आईआरएएस/आईसीएएस सहित कुल 425 अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ केंद्रीय प्रेक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने प्रेक्षकों को लोकतंत्र का "प्रकाशस्तंभ" बताते हुए कहा कि वे आयोग की आँख और कान हैं और उनका दायित्व है कि चुनावी प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। सीईसी ने प्रेक्षकों को सभी चुनावी कानूनों और नियमों से भलीभांति परिचित होने, सख्त एवं निष्पक्ष अनुपालन कराने और सीधे ज़मीनी इनपुट देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए सुलभ बने रहने और शिकायतों के त्वरित निवारण पर जोर दिया। प्रेक्षकों को मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने और मतदाताओं की सुविधा हेतु आयोग की नई पहलों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग, संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी के तहत केंद्रीय प्रेक्षकों की नियुक्ति करता है। ये प्रेक्षक न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करते हैं बल्कि ज़मीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया के कुशल प्रबंधन की भी निगरानी करते हैं।

## विशेष शाखा के हवलदार दिलीप तिर्की सेवानिवृत्त, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**रांची।** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विशेष शाखा के हवलदार श्री दिलीप तिर्की को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शॉल और छाता भेंटकर उनके लंबे सेवाकाल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवलदार दिलीप तिर्की का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। उन्होंने निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा की है। ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री तिर्की 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए। लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि में उन्होंने विभाग एवं राज्य की सेवा की। वर्ष 2000 से वे मुख्यमंत्री आवास में तैनात रहे और लगातार निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक रात में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया : एयर चीफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कहीं। उन्होंने कहा कि चार दिन के इस संघर्ष में हमने पाकिस्तानी वायु सेना के अमेरिका निर्मित 4 से 5 एफ-16 मार गिराए। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन 1971 के बाद का सबसे विनाशकारी अभियान था। वायु सेना ने अचूक, 'अभेद्य' (अटूट) और 'सटीक' लक्ष्य के जरिए सिर्फ एक रात में दुश्मन को घुटनों पर ला दिया। यह सफलता आत्मनिर्भरता और वायु शक्ति की ताकत दिखाती है। वायु सेना प्रमुख ने शुक्रवार

**तीनों सेनाओं ने स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम 'सुदर्शन चक्र' को लेकर काम शुरू कर दिया**

को सालाना पत्रकार वार्ता में भविष्य की तैयारियों पर भी जोर दिया, जैसे एलसीए मार्क-1ए और थिएटर कमांड बनाने को प्राथमिकता पर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया है। इन हमलों के कारण पाकिस्तान के कम से कम चार जगहों पर रडार, दो जगहों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे क्षतिग्रस्त हुए हैं। तीन अलग-अलग



स्टेशनों में उनके तीन हैंगर क्षतिग्रस्त हुए हैं। हमारे पास एक सी-130 श्रेणी के विमान गिरने के संकेत हैं और कम से कम 4 से 5 एफ-16 लड़ाकू विमान मार गिराए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उनकी एक एसएएम प्रणाली नष्ट हो गई है। जहां तक एयर डिफेंस सिस्टम की बात है, तो रूस निर्मित एस-400 एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है। एयर चीफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को इस साल का सबसे सफल ऑपरेशन बताया है। भारत की तीनों सेनाओं ने मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। दुश्मन को किसी तरह की आजादी नहीं दी। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि यह इतिहास में दर्ज होगा कि हमने 300 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक लक्ष्यों को मार गिराकर उनकी गतिविधियों पर गंभीर रूप से अंकुश लगाया। उन्होंने कहा कि रूस में निर्मित एस-400 एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है। पाकिस्तान के साथ अचानक संघर्ष विराम पर वायु सेना ने कहा कि दुनिया में इस वक्त 2 युद्ध चल रहे है, जिसके थमने पर चर्चा नहीं हो रही, लेकिन हमारी सेना की कार्रवाई ने दुश्मन देश को बातचीत के लिए मजबूर कर दिया।

## कोलंबिया में बजाज, हीरो और टीवीएस के दो पहिया वाहनों की भरमार से गदगद हुए राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोलंबिया में भारतीय कंपनियों के दो पहिया वाहनों की भरमार देखकर कंपनी की सराहना की और कहा कि इन्हे देखकर गौरव महसूस होता है। बता दें कि इन दिनों राहुल गांधी कोलंबिया के दौरे पर हैं और उन्होंने दो पहिया वाहन कंपनी बजाज, हीरो और टीवीएस की कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक फोटो शेयर किया। इस फोटो में राहुल गांधी एक बाइक के साथ नजर आ रहे हैं, जो बजाज कंपनी की है। उन्होंने इस फोटो को एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हुए लिखा, बजाज, हीरो और टीवीएस को कोलंबिया में इतना अच्छा प्रदर्शन करते देख गर्व हो रहा है। यह दिखाता है कि भारतीय कंपनियां इनोवेशन से जीत सकती हैं, न कि क्रोनीजम से। शानदार काम, बधाई...। इससे पहले, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कोलंबिया में लोकतंत्र और भारत-चीन रिश्तों को लेकर बयान दिए थे, जिस पर भाजपा ने सवाल उठाए थे। राहुल गांधी ने कोलंबिया के ईआईए विश्वविद्यालय में एक संवाद कार्यक्रम में कहा था कि भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हमला है।

## भाजपा सांसद आदित्य साहू बने झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रांची।** दशहरा के बाद भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड भाजपा के नए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा की। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़ और मिठाई बांटकर खुशी जताई। श्री मरांडी ने कहा कि साहू लंबे राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता वाले नेता हैं, जिनके नेतृत्व से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने साहू को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। आभार व्यक्त करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि वह "कार्यकर्ता हूं और कार्यकर्ता बनकर ही रहूंगा" के भाव से पार्टी के संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। भाजपा रांची महानगर द्वारा 4 अक्टूबर को अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# पूर्णिया में वंदे भारत एक्सप्रेस से कटकर तीन लोगों की मौत

**एजेंसी। पूर्णिया**



जिले में शुक्रवार को बड़ा दर्दनाक होदसा हो गया। यहां सुबह-सुबह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें पूर्णिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर कसबा जबनपुर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि जोगबनी (अररिया) से दानापुर (पटना) जा रही वंदे भारत ट्रेन से कटकर मरने वाले सभी लोग दशहरा मेला देखकर लौट रहे थे। बता दें कि जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस से कटकर मौतों की यह दूसरी घटना है। इससे पहले सहरसा में हटियागाछी रेलवे ढाला के पास 30 सितंबर को इसी ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और आरपीएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।बता दें कि जोगबनी से दानापुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की गई थी। यह सीमांचल को राजधानी पटना से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत है।

# कोलंबिया में राहुल गांधी के बयान पर भाजपा क्षुब्ध , कहा- विदेशी धरती पर बार बार कर रहे हैं भारत का अपमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कोलंबिया में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए आज कहा कि वह विदेशी धरती पर देश का बार बार अपमान कर रहे है और जानबूझ कर देश की खूबियों को नजरअंदाज करके लगातार भारत विरोधी टिप्पणियां कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि बीते 24 से 36 घंटे में देश ने दो प्रकार के दृश्य देखे। एक, विगत 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उत्थान के लिए अपना प्रतिपल समर्पित करने वाले विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी पूर्ण होना और उस शताब्दी अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा एक ऐसा सिक्का जारी हुआ, जिसमें संभवतः स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी भारत की मुद्रा पर मां भारती का चित्र अंकित है। और इन्हीं 24 घंटे में देश ने दूसरा दृश्य देखा कि 140 साल पुरानी पार्टी एक ब्रिटिश ऑफिसर एओ ह्यूम के द्वारा स्थापित पार्टी, जिसके पहले 15 साल में अनेक ब्रिटिश सेक्रेटरी अध्यक्ष रहे और 100 साल से जिसका एक ही परिवार का उस पर वर्चस्व है। इसके बावजूद भी इस संगठन के पतन और सत्ता टूटने की बदहवासी में उनके खानदान के बरखुदार के द्वारा, जो आज भारत विरोधी शक्तियों के सरदार बनते प्रतीत हो रहे हैं। उन्होंने विदेश की धरती से एक और ऐसा बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। सवाल ये उठता है कि राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तो उन्हें ये क्यों नहीं दिखाई पड़ता है कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने दिसंबर 2024 में बकायदा रिसर्च की है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन कैसा हुआ, इस पर एक केस स्टडी की है। ये राहुल गांधी को क्यों नहीं दिखाई पड़ता। राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन को मोदियाबिंद हो गया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा किया है, क्योंकि विदेशों में भारत की छवि खराब करने वाले बयानों का उनका लंबा इतिहास रहा है।

## 7 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPPs) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें रांची की झारखंड क्रांतिकारी पार्टी, झारखंड पार्टी (सेक्युलर), लोक जन विकास मोर्चा, राष्ट्रीय देशज पार्टी, राष्ट्रीय संगाइल पार्टी, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी और चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है कि ये दल विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) का वार्षिक अंकेक्षित खाता संबंधी विवरण समय पर आयोग को उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। साथ ही, निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के बावजूद, इन दलों ने निर्धारित अवधि के भीतर (विधानसभा चुनाव के 75 दिन और लोकसभा चुनाव के 90 दिन) अपने व्यय विवरण आयोग को नहीं सौंपे, जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इन दलों को निर्देश दिया है कि वे 9 अक्टूबर 2025 तक शपथ पत्र और आवश्यक साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करें। सुनवाई 16 अक्टूबर 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे कार्यालय में होगी। यदि दल समय पर अपना पक्ष नहीं प्रस्तुत करते हैं, तो उनके अस्तित्व को समाप्त माना जाएगा और इस संबंध में सूचना भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेज दी जाएगी।

## पेशावर में धमाका- 9 की मौत, मरने वालों में अधिकांश अधिकारी शामिल

**इस्लामाबाद।** पुलिस और अधिकारियों को टारगेट करते हुए पेशावर में हुए आतंकी हमले में कम से कम 9 लोगों की जान चली गई। इसमें अधिकांश कानून प्रर्वतन अधिकारी शामिल हैं। ये धमाका उस वक्त हुआ जब सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर सड़क पर एक उपकरण लगाया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मसूद बंगश ने बताया कि कानून प्रर्वतन अधिकारी घटनास्थल की जांच में लगे हुए हैं और साक्ष्य इकट्ठे किए जा रहे हैं। यह पाकिस्तान में हाल ही में हुआ अकेला धमाका नहीं है। पुलिस अधिकारी मियां सईद ने बताया कि यह विस्फोट विशेष रूप से पुलिस और सुरक्षाबलों के अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए कैपिटल सिटी में किया गया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जिस विस्फोटक उपकरण का उपयोग किया गया था वह पुलिस वैन के रास्ते में लगाया गया था। उन्होंने कहा कि घायल हुए अधिकारियों की हालत गंभीर बनी हुई है। बम विस्फोट के बाद तुरंत बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर तैनात किया गया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। इससे पहले 30 सितंबर को बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में फ्रंटियर कॉर्प्स हेडक्वार्टर के पास की एक सड़क पर भी शक्तिशाली विस्फोट हुआ था।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया

### महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता भारत मिशन के तहत वृहद अभियान चलाया गया

द डेस्प्रिंग



**नानकमत्ता / दीपक भारद्वाज ।** नगर में स्थित श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय नानकमत्ता साहिब में लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एनएसएस स्वयंसेवियों व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों द्वारा मनाया गया। गाँधी-शास्त्री की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता भारत मिशन के तहत वृहद अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.इंदु बाला की अगुवाई में सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण व कर्मचारी स्वच्छता करने में जुटे। इस दौरान महाविद्यालय परिसर व गेट के बाहर सफाई अभियान चला और शिक्षकों ने खुद भी श्रमदान दिया। इसके बाद महाविद्यालय कंप्यूटर सहायक पंकज सिंह बोहरा ने एनएसएस स्वयंसेवियों, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व शिक्षकगणों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। सभी ने प्रतिदिन महाविद्यालय परिसर और घर में सफाई तथा सप्ताह में दो घण्टे स्वच्छता करने की शपथ ली और आम नागरिकों को इसके लिए प्रेरित करने के संकल्प को दोहराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अनुशासन और सेवा का पाठ पढ़ाती है। विद्यार्थियों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने %स्वच्छ हाथ उज्ज्वल भविष्य और %स्वच्छता अपनाओ, देश बचाओ जैसे स्लोगन से जागरूकता फैलाई। इस मौके पर डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. राधा बिष्ट, डॉ. नीतू, डॉ. आरती राणा, ज्योति, पूनम राणा, काजल बर्मन, रेनू थापा, ममता राणा, प्रगति राणा, दुर्गानाथ गोस्वामी व देव राम उपस्थित रहे।

# किच्छा धान खरीद: एसडीएम अचानक पहुंचे धान क्रय केंद्र

### केंद्र प्रभारियों ने केन्द्र पर मात्र बैनर लगा कर औपचारिकता पूरी की थी।

### एसडीएम गौरव पांडे ने धान तौल शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई शीघ्र तौल शुरू करने के निर्देश दिए

द डेस्प्रिंग



**किच्छा दीपक भारद्वाज उधम सिंह नगर ।** किच्छा में किसानों का धान खरीदने के लिए कुल 15 सरकारी क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके अंतर्गत नई मंडी परिसर में यूसीएफ का देवरिया, बंडिया, दोपहरिया, मिलक और मंडी के नाम से सरकारी क्रय केन्द्र है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में दरऊ, लालपुर, शांतिपुरी, महाराजपुर, नारायणपुर, शहदौरा में क्रय केंद्र हैं। इसके अलावा आरएफसी के मंडी परिसर में चार सरकारी कांटे हैं। अक्तूबर माह में एक और दो तारीख की छुट्टी होने के कारण शुक्रवार सुबह स्थानीय किसान बड़ी मात्रा में धान लेकर मंडी समिति परिसर पहुंचे, लेकिन यहां केंद्र प्रभारियों ने केन्द्र पर मात्र बैनर लगा कर औपचारिकता पूरी की थी। केन्द्र प्रभारी मौके से नदारद दिखाई दिए। जिसके कारण किसान अपना धान तुलवाने को भटकते दिखाई दिए। एसडीएम गौरव पांडे और तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम के आने की सूचना मिलते ही आनन फानन केन्द्र पर तौल कांटे, इत्यादि की व्यवस्था की गई। एसडीएम गौरव पांडे ने धान तौल शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई और शीघ्र तौल शुरू करने के निर्देश दिए

# पचार में ग्रामीण सेवा शिविर का हुआ आयोजन

### अधिकारियों ने सुनी समास्याएं, मौके पर किया समाधान

द डेस्प्रिंग



**पचार।(विनोद धायल) ।** पचार कस्बे की श्री ब्रह्मचारी नेमीचंद गंगवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ग्राम सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए हुए अतिथियों का साफा एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। शिविर जिसमें राज्य सरकार की ओर से आम जन की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार से ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर प्रभारी अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल सिंह काटवा एवं सह प्रभारी बनवारी लाल मीणा एवं विकास अधिकारी विरेन्द्र सिंह भाटी के नेतृत्व में गाँव चलो अभियान शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान आम जन की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर किया गया। पचार पटवारी पवन कुमार ने जानकारी दी कि शिविर में राजस्व विभाग के प्रकरण में बंटवारा के प्रकरण एवं नामांतरण व रास्ते कटान के प्रकरण प्राप्त हुए। इसी दौरान विद्युत विभाग के प्रकरण,पंचायती राज विभाग के प्रकरण, विश्वकर्मा पेंशन , चिकित्सा विभाग उपचार के प्रकरण, टीकाकरण, टीबी पोषण, खाद विभाग आधार सिंडिग, ई- केवाईसी,पशु पालन विभाग के पशु बीमा मुख्यमंत्री प्रकरण , कृमिनाशक, दवा छिड़काव के प्रकरण,सहकारिता एवं महिला बाल विकास मातृ वंदन योजना प्रकरण, विभागीय योजनाओं की जानकारी, आयुर्वेद परामर्श, कृषि विभाग के प्रकरण, वन विभाग के प्रकरण सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरण प्राप्त किए गए और कई समस्याओं का समाधान मौके पर भी किया गया। इस दौरान ठाकुर गंगा सिंह पचार, भाजपा नेता गजानंद कुमावत, समाज सेवी धर्मेंद्र सिंह पचार, विकास अधिकारी विरेंद्र सिंह भाटी, जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य निधि कंवर, प्रशासक राहुल कुमावत, चिकित्सा अधिकारी योगिता बाजिया, जेईएन विवेक स्वामी, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद कुमार धायल ,लामिया पटवारी सीताराम निठारवाल, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सोहनलाल, महिला पर्यवेक्षक हंसा मीणा एवं सभी विभागों के कर्मचारी, उपसरपंच लक्ष्मण राम धायल, प्रभूदयाल कुमावत ग्यारसी लाल शर्मा, सहकारी समिति उपाध्यक्ष हरिप्रसाद पारीक, कामरेड गोपाल सिंह धायल, रामनिवास धायल, हनुमान धायल, महेश कुमावत, वार्ड पंच जयप्रकाश कुमावत, ग्राम सेवक सहायक राजू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों सहित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राज्य आंदोलन के शहीदों के नाम पर रखा जाए मुख्य चौराहे का नाम

### एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा

द डेस्प्रिंग

**खटीमा दीपक भारद्वाज ।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे का नाम राज्य आंदोलन के शहीदों के नाम पर रखने की मांग की है। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि 1 सितंबर 1994 को खटीमा गोलीकांड में चार पूर्व सैनिक भगवान सिंह सिरौला, प्रताप सिंह मनोला, गोपी चंद और धर्मानंद भट्ट के साथ ही तीन अन्य शहीद सलीम, परमजीत और रामपाल ने कौमी एकता का संदेश देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी शहादत ने राज्य आंदोलन को नई गति प्रदान की और खटीमा का नाम इतिहास में अमर कर दिया। उक्रांद कार्यकर्ताओं ने मांग की कि नगर के मुख्य चौराहे का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद चौक घोषित कर वहां शिलापट पर सभी शहीदों के नाम अंकित किए जाएं। यहां शिवशंकर भाटिया, भवानी शंकर, रमेश चंद्र कोठारी, ठाकुर भगवान सिंह, मोहम्मद बदर सिद्दीकी, शहाबुद्दीन अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व सैनिकों ने जनरल बीसी जोशी के नाम पर नामकरण की रखी मांग दूसरी ओर पूर्व सैनिक संगठन ने मुख्य चौराहे का नाम सेना के पूर्व प्रमुख जनरल बीसी जोशी के नाम पर रखने की मांग की है। संगठन ने एसडीएम सैनी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कंजाबाग चौराहे पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित होना है, ऐसे में वहां तीस मीटर के दायरे में किसी भी खोखे या ठेले की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ताकि स्वच्छता और सम्मान बना रहे।

# गांधी जयंती पर गूँजा स्वच्छता संकल्प : 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने दिया संदेश

### सीमा की सुरक्षा के साथ स्वच्छ समाज का निर्माण भी हमारी जिम्मेदारी

द डेस्प्रिंग




**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज) ।** महात्मा गांधी की 156वीं जयंती दो अक्टूबर पर जब देशभर में बापू को नमन किया जा रहा था, तभी 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने कार्यवाहक कमांडेंट मनोज कुमार के नेतृत्व में ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। ग्राम सिद्धग्रबियांग स्थित मंदिर परिसर में आयोजित इस विशेष स्वच्छता कार्यक्रम में बल के सैकड़ों जवानों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान किया और साफ-सफाई कर गांधी जी के उस संदेश को याद दिलाया कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम की शुरुआत ÷एक दिन, एक घंटा, एक साथ संकल्प से हुई, जिसके अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने प्रति वर्ष 100 घंटे (प्रति सप्ताह दो घंटे) स्वच्छता हेतु श्रमदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर बल के जवानों ने न केवल खुद स्वच्छता का संकल्प लिया बल्कि यह भी ठाना कि वे गाँव-गाँव और गली-गली जाकर लोगों को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ेंगे और जन-जन तक जागरूकता पहुँचाएँगे। ग्रामीणों ने भी इस पहल का खुले दिल से स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि वे आगे भी अभियान से जुड़े रहेंगे और अपने गाँव को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय योगदान देंगे। इस मौके पर सहायक उप निरीक्षक हीरा सिंह, आरक्षी नेकपाल, संजय, विजेंद्र सहित कई अन्य जवानों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। 57वीं वाहिनी ने गांधी जयंती पर यह संदेश देकर सबका दिल जीत लिया कि वह सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ एक स्वच्छ, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## 60 लीटर अवैध कच्ची शराब, मोटरसाइकिल व आरोपी धरा, आबकारी अधिनियम में केस दर्ज

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज।** दीपक भारद्वाज पुलिस ने सिडकुल क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसा है। अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू अपनी टीम के साथ बंदरिया चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि तभी करम इंडस्ट्रीज की ओर से एक मोटरसाइकिल तेज रफ्तार से आती दिखी। पुलिस को देखकर चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन फिसलन भरे कच्चे रास्ते पर बाइक फिसलकर गिर गई। शक होने पर बाइक की तलाशी ली गई तो उसके पीछे बंधे नीले प्लास्टिक के कट्टे में एक काले रंग की टायर ट्यूब बरामद हुई, जिसमें से कच्ची शराब की तेज बू आ रही थी। मौके पर ही पुलिस ने लगभग 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर कब्जे में ले लिया। पकड़े गए युवक की पहचान दिगेन्द्र कुमार उर्फ विक्की पुत्र मधु लाल निवासी ग्राम पूर्वी उकरौली, थाना सितारगंज के रूप में हुई, आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी बाइक प्लेटिना, काले-स्लेटी रंग, नंबर यूके06पी6806 भी जब्त कर ली। बाइक के कागजात आरोपी पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा आबकारी अधिनियम की धारा 60(1)/72 के अंतर्गत दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर शराब और मोटरसाइकिल को थाने भेज दिया है। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# राइस मिल एसोसिएशन व प्रशासन की संयुक्त बैठक

द डेस्प्रिंग

**नानकमत्ता / दीपक भारद्वाज ।** किसानों, कच्चा आढ़तियों, राइस मिल एसोसिएशन व प्रशासन की संयुक्त बैठक शनिवार से कच्चे आढ़तियों की खरीद का निर्णय लिया। शुक्रवार को मंडी में आयोजित बैठक में एसएमओ जगदीश कॉलोनी ने कहा कि धान खरीद की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज शाम तक कच्चे आढ़तियों को कोड आवंटित होने की सूचना है। वारदाना भी शनिवार की सुबह तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकारी कांटों में भी धान खरीद शुरू हो जाएगी। यहां राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गोयल, शुभम अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रविंद्र यादव, गोपाल जोशी, मदन गोयल, आशु कटवाल, मलूक सिंह खिण्डा, बैशाका मौजूद रहे।

## कोटा मै दड़ाबाड़ी थाना क्षेत्र के वक़्फ़ नगर मैं सुने मकान मैं हुई चोरी



द डेस्प्रिंग

**कोटा ।** चोरों ने घर के ग़िज़र इलेक्ट्रिक सामान मकान के सभी महँगे नलों को बनाया निशाना लगभग 50 हज़ार का हुआ सामान चोरी !आस पास आबादी वाले मकान मे इस तरह से चोरी होना चोरों मैं बेख़ौफ़ी का मंज़र दिखाता हे मकान मालिक ने दड़ाबाड़ी पुलिस थाने मैं रिपोर्ट दर्ज करवा दी हे ऐसा प्रतीत होता हे चोरों ने पैसा कमाने का आसान रास्ता ढूँढ लिया हे एसे चोरों को रोकने के लिए पुलिस को कठोर कदम उठाने चाहिए

# गंगा नदी में नाव पर गिरी बिजली एक मछुआएं की मौके पर हुई मौत

### बिजली गिरने की चपेट में आए चार मछुआरें हुए घायल

गाजीपुर द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



गाजीपुर । शहर कोतवाली के कुर्था गांव के सामने गंगा के बीच रेत पर शुक्रवार की सुबह गंगा में बड़ा हादसा हो गया। रोज की तरह नाव से मछली मारने गए 10 मछुआरों के ऊपर अचानक मौसम का कहर टूट पड़ा। तेज हवा, बारिश और गरजते बादलों के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में एक मछुआरे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मृतक की पहचान नोनहरा थाना के गठिया निवासी त्रिलोकीनाथ बिंद के रूप में हुआ। इस हादसे में घायलों में सुनील निषाद, कपिल निषाद, घुरहू निषाद और राजेश चौधरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जाता है कि रोज की भांति करीब दस मछुआरे गंगा के उस पार रेत पर नाव से मछली मारने गए थे। मछली मारने के दौरान छह मछुआरे नाव से उतरकर जाल डाल रहे थे जबकि चार मछुआरे नाव पर ही सवार थे।इसी दौरान अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली नाव पर गिर गई। बिजली गिरते ही नाव फट गई। बिजली की चपेट में आने से कई लोग गंगा में गिरते-गिरते बचे। इस घटना में त्रिलोकीनाथ बिंद की मौत हो गई। जबकि चार मछुआरे घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को किसी तरह अस्पताल ले जाया गया।इस मामले में निषाद पार्टी के जिला संयोजक मिश्रीलाल निषाद ने शोक जताया है। उन्होंने बताया कि गंगा पार रोजाना बड़ी संख्या में निषाद समुदाय के लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए मछली पकड़ने जाते हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की जाती। उन्होंने सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और घायलों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# युवा नेता रामनिवास कुकना बने पीड़ित परिवारों की आवाज़ आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर की पड़ताल में चौंकाने वाले खुलासे

### कूकना ने दी चेतावनी सात अक्टूबर को दस हजार लोगों के साथ बीकानेर कलेक्टर का घेराव सरकार व प्रशासन मोन क्यूँ?

द डेस्प्रिंग




**श्री राम भादू/बीकानेर ।** आयुष्मान हार्ट अस्पताल के खिलाफ चल रहा रामनिवास कुकना का आंदोलन अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं युवा नेता रामनिवास कुकना के नेतृत्व में लगातार 24 दिन से जारी अनिश्चितकालीन धरना ने प्रशासन और समाज को झकझोर कर रख दिया है।

धरने के दौरान सामने आए एक भुगतभोगी के बयान ने अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। पीड़ित ने बताया कि उसे केवल गैस की समस्या थी, लेकिन अस्पताल में उसे हृदय रोग का वहम बताकर भर्ती कर लिया गया। गैस के इंजेक्शन लगाने के बाद जब परिजन को शक हुआ और छुट्टी मांगी, तो अचानक पुलिस का फोन आया और धमकाकर चौकी बुलाकर पूछताछ की गई। यह खुलासा बता रहा है कि अस्पताल प्रबंधन किस तरह छोटी बीमारी को बड़ा बनाकर न केवल आर्थिक शोषण करता है, बल्कि पुलिस-प्रशासनिक दबाव का सहारा लेकर पीड़ितों को चुप कराने का प्रयास करता है। वरिष्ठ पत्रकार बी.डी. व्यास ने मामले पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि अब यह महज अस्पताल की लापरवाही का मामला नहीं रहा, बल्कि निष्पक्ष एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच की मांग बन गई है। व्यास ने साफ कहा कि कुकना का आंदोलन सही दिशा में है और इस अस्पताल की लूट से प्रभावित लोग सबूतों के साथ खुलकर सामने आ रहे हैं। रामनिवास कुकना ने कहा कि प्रशासन डॉक्टर बी.एल. स्वामी और अस्पताल प्रबंधन से साठगांठ कर चुका है, इसलिए पीड़ित परिवारों को न्याय की उम्मीद केवल जनशक्ति से है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो हजारों पीड़ित परिवार सड़कों पर उतरेंगे। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पीड़ित परिवारों और समर्थकों के साथ मुकेश चौधरी, हेतराम गोदारा, हजारीराम तरड़, असूल, राजेश नायक, श्रवण नैण, भवानी सारस्वत, मुत्रीराम भादू समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे और कुकना को समर्थन दिया। आज रामनिवास कुकना ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि आमजन के न्याय की लड़ाई लड़ने वाले सच्चे योद्धा हैं।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में जन्मदिन उत्सव, दान व चिकित्सा सेवा कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग






**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 को विशेष आयोजन हुआ। ओउमाश्रय के आधार स्तम्भ डॉ. प्रमोद पाल एवं उनके सुपुत्र चिरंजीव आग्नेय यश के जन्मदिन पर दिवसीय भोजन प्रसादी, यज्ञ, नाश्ता आदि की व्यवस्था परिजनों द्वारा की गई। इस अवसर पर ओउमाश्रय परिवार की ओर से दोनों को दीर्घायु, स्वस्थ, प्रसन्न और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत गंगापुर निवासी आजीवन सदस्य अशोक सक्सेना व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधु सक्सेना ने हर माह ?1100 गौसेवा हेतु समर्पित करने का संकल्प लिया। ओउमाश्रय परिवार ने इस पुनीत निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया।
वहीं मुहाना मंडी जयपुर के फल-तरकारी व्यवसायी रामफूल चौधरी ने दो कट्टा फूलगोभी, एक कट्टा पत्तागोभी और तीन कैरेट केले भेंट किए। इस अवसर पर कैलाश चौधरी भी साथ रहे। ओउमाश्रय परिवार ने दोनों का हार्दिक धन्यवाद किया। इसके अतिरिक्त वर्षा जनित एलर्जी व त्वचा रोगों से पीड़ित कई निराश्रितजनों की सेवा हेतु डॉ. अविल जैन (पीजी व अनुसंधानरत) ने ढाई घंटे तक परामर्श, परीक्षण व उपचार कर निःशुल्क दवाइयां प्रदान कीं। उनके इस सहयोग के लिए भी संस्था परिवार ने कृतज्ञता प्रकट की।, श्रवण नैण, भवानी सारस्वत, मुत्रीराम भादू समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे और कुकना को समर्थन दिया। आज रामनिवास कुकना ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि आमजन के न्याय की लड़ाई लड़ने वाले सच्चे योद्धा हैं।

## महिला से बैग लूटकर भागने वाला एक आरोपी गिरफ्तार एवं एक नाबालिग निरूद्ध

### कब्जे से लूटी गई मोबाइल बरामद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर मनोज शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी वृत्त शहर धौलपुर मुनेश मीणा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में व थानाधिकारी थाना निहालगंज प्रमेन्द्र रावत पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में दिनांक 29 सितम्बर 2025 को भार्गव वाटिका के पास पैलेस रोड़ पर पैदल जाती हुई महिला से बैग लूटने वाले एक आरोपी गिरफ्तार एवं एक नाबालिग को निरूद्ध किया गया एवं लूटे गये मोबाइल को बरामद किया गया एवं घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया।

# आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला हुई आयोजित

द डेस्प्रिंग



**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** भाजपा मंडल बसई नवाब के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का समापन मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में हुआ मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष रामविलास बघेल रहे मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक हरिओम बघेल ने किया सभी पधारे कार्यकर्ताओं का वरिष्ठ भाजपा नेता भीकम सिंह त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आत्मनिर्भर भारत, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना है इस अभियान की शुरुआत पीएम मोदी द्वारा की गई थी जब कोरोना महामारी के कारण पूरे देश में आर्थिक और सामाजिक संकट उत्पन्न हुआ था आत्मनिर्भरता का अर्थ है कि अपने संसाधनों का उपयोग करके आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का निर्माण करना तथा विदेशों पर निर्भरता कम करना भारत एक विशाल देश है जिसमें कृषि ,उद्योग ,विज्ञान ,तकनीक, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अनेक क्षेत्र हैं यदि इन सभी क्षेत्रों में हम आत्मनिर्भर बने तो न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश का हर नागरिक विकास का भागीदार बनेगा इस अभियान के तहत मोदी सरकार ने 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की घोषणा की जिससे किसानों, मजदूरों, लघु उद्योग,महिलाओं और स्टार्टअप्स को सहायता मिल सके इस योजना से मेक इन इंडिया और वोकल फोर लोकल जैसे विचारों को भी बल मिला मैं आप सभी से यही अपील करता हूं कि विदेशी वस्तुओं की जगह भारतीय उत्पादों का उपयोग करें जिससे स्थानीय उद्योग को मजबूती मिले जिससे भारत पुनः विश्व पटल पर विश्व गुरु की भूमिका में स्थापित हो इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसीबीईओ माली ने नाडोल की नं 2, बेरा गंगाजलिया व मारु ढाणी विद्यालय का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

द डेस्प्रिंग






**नाडोल / नगराज वैष्णव ।** अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने शाला संबलन के तहत स्थानीय ओटी बाई राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं 2 , राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरा गंगाजलिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मारु ढाणी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर संबलन किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरा गंगाजलिया के संस्था प्रधान गणपत सिंह कुंपावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी प्रथम विजय सिंह माली ने विद्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया,कक्षा अवलोकन किया,प्रखर 2.0की कक्षा गतिविधि को देखा, विद्यार्थियों व शिक्षकों से संवाद किया तत्पश्चात स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय प्रार्थना सभा,नामांकन, एस एम सी, पुस्तकालय, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक कार्यपुस्तिका वितरण नामांकन, सहशैक्षणिक गतिविधियों,मिड डे मील,योगात्मक आकलन प्रथम, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम,हरियालो राजस्थान, राजू मीना मंच के बारे में प्रभारी शिक्षकों से जानकारी ली तथा शाला रैंकिंग के बिंदुओं पर चर्चा की। माली ने स्टाफ के सदस्यों से विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए शैक्षणिक सहशैक्षणिक भौतिक उन्नयन हेतु प्रयास करने को कहा। संस्था प्रधान गणपत सिंह कुंपावत ने विश्वास दिलाया कि वह व विद्यालय का समस्त स्टाफ इन दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करेंगें।इस अवसर पर सुमेर सिंह,शारदा वैष्णव, जितेंद्र समेत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगाजलिया बेरा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसी प्रकार एसीबीईओ माली ने राजकी प्राथमिक विद्यालय मारु ढाणी का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक नृसिंह मेघवाल से प्रखर राजस्थान की जानकारी ली तथा प्रखर की कक्षाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसी प्रकार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं2का भी शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर संबलन प्रदान किया। संस्था प्रधान महिपाल सिंह ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शाला संबलन के तहत विद्यालयों का निरीक्षण कर उन्हें शिक्षा अधिकारियों द्वारा संबलन दिया जाता है ताकि शिक्षा में गुणवत्ता लाई जा सके।

## 'जयपुर में होने जा रहा है इंटर लॉ कॉलेज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन एवं अपेक्स यूनिवर्सिटी मानसरोवर के तत्वावधान में दिनांक 04/10/2025 को इंटर लॉ कॉलेज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन मानसरोवर स्थित अपेक्स स्कूल ऑफ लॉ, अपेक्स यूनिवर्सिटी मानसरोवर में करवाया जा रहा है। *कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्रीमान अशोक कुमार जैन साहब व पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमान गोपाल शर्मा जी विधायक सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। बार के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत एवं कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट शशांक सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में समस्त जयपुर एवं आसपास के जिलों से लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने डिबेट, शतरंज एवं क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष करवाया जाता है


Regd. No. 233/71-72 — Ph.: 0141-2208001
दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसियेशन, जयपुर
(ESTD 1960)
दिनांक 3/10/25
आवश्यक सूचना
सभी अधिवक्तागणों को हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसियेशन जयपुर एवं अपेक्स यूनिवर्सिटी शिप्रापथ कैम्पस, मानसरोवर जयपुर संयुक्त तत्वाधान में शनिवार दिनांक 04-10-2025 सुबह 10:00 बजे को अपेक्स यूनिवर्सिटी शिप्रापथ कैम्पस, मानसरोवर जयपुर में माननीय न्यायाधिपति श्रीमान अशोक कुमार जैन साहब मुख्य अतिथि के द्वारा इन्टर लॉ कॉलेज कम्पीटीशन के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जावेगा।
पुरस्कार वितरण दोपहर 3:30 बजे श्रीमान गोपाल शर्मा जी विधायक सिविल लाईन मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा।
आप सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे।
सधन्यवाद
गजराज सिंह राजावत, अध्यक्ष — शशांक सिंह, संयोजक — नरेन्द्र सिंह राजावत, महासचिव

## किसान धान के भावों के लेकर उग्र आंदोलन के लिए विवश, चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने किसानों से बनाई दूरी

### चामुंडा माता मंदिर पर कोर कमेटी की हुई महत्वपूर्ण बैठक

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** केशोरायपाटन शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की धान की फसल पककर मंडियों में जाने को तैयार है। लेकिन सही भाव नहीं मिलने से किसानों में भारी रोष हे इसको लेकर किसान आंदोलन की राह पर हे इसको लेकर किसानों ने संभागीय आयुक्त कोटा पर किसानों ने धरना देकर ज्ञापन दिया था साथ ही दिल्ली में वाणिज्य मंत्री ओर जयपुर में मुख्यमंत्री ओर कृषि मंत्री सहित कोटा - बूंदी के समस्त विधायकों ओर सांसद को भी ज्ञापन दिया जा चुका हे आगे की रणनीति को लेकर शुक्रवार को किसानों के कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने ने पिछले वर्ष किसानों को मंडियों में लूट लिया गया ओर इस वर्ष भी किसानों के सामने उचित भाव को लेकर संकट खड़ा हुआ है। अभी मंडियों में औसतन 2400 से 2500 प्रति क्विंटल भाव चल रहा हे अगर ऐसा ही रहा तो किसान फिर बर्बाद हो जाएगा गौतम ने कहा कि कोई भी निर्वाचित प्रतिनिधि किसानों के पक्ष में सामने नहीं आ रहा इससे बड़ा किसानों साथ कुठाराघात हो सकता है। छत्तीसगढ़ में साधारण धान की कीमत



3200 से अधिक बिकता हे कोटा बूंदी को छोड़कर अन्य सभी मंडियों में भाव तेज रहता हे हाड़ौती के किसानों के साथ अन्याय हो रहा हे परंतु कोई बोलने को तैयार नहीं ही इसी लिए किसानों को आगे आना होगा 8 अक्टूबर को किसान सुबह 9 बजे शुगर मिल परिसर में एकत्रित होंगे और आगे आंदोलन की घोषणा करेंगे इस को लेकर सभी गांवों में किसानों को अलग अलग जिम्मेदारी बांटी गई बैठक में वरिष्ठ किसान नेता हरजिंदर सिंह, हरिशंकर नागर, दिनेश गौतम, रामस्वरूप पहाड़, रामनारायण बैरवा, श्याम खटाना, दिनेश नागर, चंद्र शेखर मालव, शंकर नागर,मोलत गुर्जर, चंद्र प्रकाश गुर्जर, मोहनलाल बैरवा, महावीर सुमन, नंदबिहारी मालव, चंद्र प्रकाश गुर्जर,निर्मल सिंह, रामकुमार मीणा, श्रीनाथ जलोदा आदि ने अपने विचार रखे।

## मॉ दुर्गा की भव्य प्रतिमा शांति जल में विसर्जित

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**सोनभद्र ।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर प्रेक्षागृह प्रांगण स्थित भव्य दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ सिन्दूरदान के उपरान्त किया गया। मॉ दुर्गा एवं लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती व भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के पूर्व वैदिक मंत्रोचार,अपराजिता पूजा, हवन ,कलस विसर्जन व सिन्दूरदान के उपरान्त पूरे रेनूसागर कालोनी का चक्रमण कराया गया। तत्पश्चात जय माता दी- जय माता दी के उद्घोष के साथ श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रेनूसागर के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ डी जे की धुन पर थिरकते व नाचते गाते हुए निकाला गया। तत्पश्चात मॉ की भव्य प्रतिमा को शांति जल में विसर्जित किया गया। इस सम्बन्ध में आशा मण्डल ने बताया की हमारे सनातन धर्म में विसर्जन की परम्परा का पालन किया जाता है , मूर्ति का विसर्जन के पूर्व माता रानी का पूरा श्रृंगार किया जाता है महिलाये एक दूसरे की मांग पर सिंदूर लगाती है जो समृद्धि का प्रतीक माना गया है । पूजा समिति के सचिव समित मंडल ने उपस्थित जन समूह को मॉ दुर्गा का शुभाशीष दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल मुखर्जी,प्रदुयुत दास, पलटू चटर्जी का सराहनीय सहयोग



रहा।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य इंदु सिंह ,विभा शैलेश सिंह,आशा मण्डल,रीता चटर्जी,संगीता घोष,सुनीता रॉय,शर्मिला घोष ,सुमन द्विवेदी सहित भारी संख्या में महिलाएं ने माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के पूर्ब माता को सिंदूर चढ़ाती हुई दिखी, जो माता के सौंदर्य और शक्ति का सम्मान करने का प्रतीक होता है।इसके बाद महिलाएं एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाती हैं और मिठाइयाँ खिलाकर सौभाग्य, प्रेम, और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं देती हैं। इस रस्म को बंगाली परंपरा में "सिन्दूर खेला" कहा जाता है, और उत्तर भारत में इसे "सिन्दूर दान" या "सिन्दूर अर्पण" कहा जाता है। उपस्थित रही।

## स्थायीकरण के लिए समिति का किया गठन

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा जिले में अध्यापक भर्ती परीक्षा 2023 में नियुक्त अध्यापकों का 2 वर्ष का परिवीक्षाकाल पूर्ण होने पर स्थायीकरण एवं वेतन नियमितीकरण करवाने के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने कहा कि योगेश मीणा के नेतृत्व में विभिन्न उपशाखाओं से प्रतिनिधित्व तय करते हुए 10 सदस्यीय समिति का गठन किया है। जिलामंत्री अंकित गौतम ने बताया कि समिति में पार्थ जोशी और नीरज खरेड़िया को सहसंयोजक नियुक्त किया है। समिति में दीनदयाल कुम्हार कापरेन, रोमेश रायका लाखेरी, आशुतोष सोनी देई, भोलाशंकर गौड़, नैनवां भरतराज गुर्जर, हिंडौली नीरज खरेड़िया, तालेड़ा पार्थ जोशी, बूंदी शंकर लाल सैनी, इंदरगढ़ पुरुषोत्तम मीणा, केशोरायपाटन उपशाखाओं से सम्मिलित किए गए। स्थायीकरण समिति अध्यापकों के प्रपत्र 10 को अनलॉक करवाने,दस्तावेजीकरण सहित अन्य सूचनाओं के आदान प्रदान और शंका समाधान का कार्य करेगी।

## एसडीएस कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया शुरू



द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** सोना देवी सेठिया स्नातकोतर कन्या महाविद्यालय में संचालित एनसीसी की 3 राज गर्ल्स बटालियन की इकाई द्वारा शुक्रवार को महाविद्यालय मे एनसीसी भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई

**महाविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मेघना सोनी ने बताया कि** जोधपुर युनिट से पधारे नायब सूबेदार मेजर गजेंद्र सिंह और सूबेदार अहीर आर डी ने शारीरिक परीक्षण, दौड़, लिखित परीक्षा आदि के द्वारा कैडेट्स का एनसीसी में चयन किया द्ध साथ ही एनसीसी अधिकारियों ने सभी कैडेट्स को एनसीसी में भर्ती होने के फायदों से अवगत करवाया लेफ्टिनेंट मेघना सोनी ने बताया कि आगामी तीन वर्षो मे, चयनित कैडेट्स विभिन्न कैम्पस में हिस्सा लेंगे एवं भारतीय सेना से सम्बन्धित विषयों का अनुभव प्राप्त करेंगे द्ध प्राचार्य डॉ साधना सिंह ने आगन्तुक एनसीसी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया द्ध उप प्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने बताया कि कैडेट्स को एनसीसी द्वारा देश सेवा का अवसर प्राप्त होता है साथ ही वे अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए सामाजिक सेवा मे भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बेटी जन्म उत्सव मनाया



द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर नगर पालिका क्षेत्र में बेटी जन्म उत्सव पर बाल विकास परियोजना अधिकारी विपुल शुक्ला बाल विकास के निर्देशानुसार नगर पालिका क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बेटी जन उत्सव का आयोजन बाबा रामदेव मंदिर परिसर में किया गया जिसमें नगर पालिका पार्षद राजेश सैनी, भानु प्रकाश नामा, शुभम शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव मलिक के साथ बेटी जन्म उत्सव कार्यक्रम मनाया गया जिसमें 10 आंगनबाड़ी केंद्र की बालिकाओं का केक कटवाकर जन्म दिवस मनाया गया तथा बालिकाओं को मिठाई व खिलौने वितरित किए गए महिला पर्यवेक्षक निशा वर्मा ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

### जर्मनी में नर्सिंग रोजगार के खुले द्वार

## राजस्थान प्राइवेट नर्सिंग स्कूल्स एंड कॉलेजेज फेडरेशन व जर्मन प्रतिनिधिमंडल के बीच एमओयू

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** राजस्थान के नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों के लिए जर्मनी सहित विदेशों में रोजगार के नए अवसर जल्द ही खुलने जा रहे हैं। आज उद्योग, युवा, कौशल एवं नियोजन मंत्री के.के. बिश्नोई की अध्यक्षता में जर्मन प्रतिनिधि मंडल के साथ हुई बैठक में राजस्थान प्राइवेट नर्सिंग स्कूल्स एंड कॉलेजेज फेडरेशन और जर्मन प्रतिनिधि मण्डल के बीच एमओयू पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय हुआ कि नर्सिंग छात्रों को जर्मन भाषा, पर्सनलिटी डवलपमेंट और स्किल डवलपमेंट के लिए ब्रिज कोर्स शुरू किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के बाद राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पंजीकृत छात्र-छात्राएं जर्मनी में रोजगार के योग्य होंगे।

### बैठक में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

जर्मन प्रतिनिधि मण्डल के अध्यक्ष



फ्लोरियन वॉन ब्रून ने नर्सिंग व आयुष क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इकबाल खान, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा और ऋषव मंडल, आयुक्त कौशल एवं रोजगार ने प्रशिक्षण के स्वरूप की रूपरेखा बताई। फेडरेशन अध्यक्ष विमल मीणा ने निजी नर्सिंग कॉलेजों की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जर्मनी में कार्य के अवसरों को लेकर डॉ. विष्णु रामदेव, डॉ. आजम बेग, डॉ. योगेश यादव, कैलाश सैनी, सुमन रावत और डॉ. फरीदा बेग ने भी अपने विचार रखे।

### प्रतिनिधि मण्डल की पृष्ठभूमि

**फ्लोरियन वॉन ब्रून** - 2013 से बवेरियन संसद सदस्य, 2023 में एसपीडी के स्पिटज़ेनकैंडिडेट (शीर्ष उम्मीदवार), वर्तमान में म्यूनिख सिटी के आर्बेइटरवोल्फार्ट (ए.डब्ल्यू.ओ.) के अध्यक्ष।

**डॉ. मैथियास मौच** – बर्लिन स्थित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'टर्न' के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, स्वास्थ्य सेवा व आईटी क्षेत्र में एआई आधारित भर्ती प्रणाली के विशेषज्ञ।

**हंस कोप** – ए.डब्ल्यू.ओ. म्यूनिख के प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ सेवाओं और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका।

**प्रो. डॉ. विष्णु रामदेव** – परमानेंट फेलो, हम्बोल्डट यूनिवर्सिटी बर्लिन, संस्थापक इंडो-जर्मन यंग लीडर्स फोरम।

### सरकार की पहल - नर्सिंग छात्रों के लिए मील का पत्थर

मंत्री के.के. बिश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। यह एमओयू राजस्थान और जर्मनी के बीच कौशल विकास एवं रोजगार सहयोग का नया अध्याय खोलेगा। राज्य सरकार की इस पहल से अब राजस्थान के नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थी जर्मन भाषा व कौशल प्रशिक्षण के बाद सीधे जर्मनी में नौकरी पा सकेंगे। यह बैठक नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार के नए आयाम स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी

## अनपरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा का त्यौहार

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



**सोनभद्र ।** थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित अनपरा तापीय परियोजना कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में रावण दहन के बाद हर्षोल्लास से मनाया गया दशहरे का त्यौहार द्य मुख्य अतिथि अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटिहार एवं सुमन कटिहार अध्यक्षा ज्योती पुंज महिला मंडल अनपरा, विशिष्ट अतिथि इं निखिल चतुर्वेदी महाप्रबंधक, इं प्रशांत त्रिपाठी महाप्रबंधक, इं मधु मुखईया महाप्रबंधक, अधीक्षण अभियंता इं महेंद्र सिंह इं बीके दिनकर, इं एसके रजक, कमांडेंट नीतीश तोमर असिस्टेंट कमांडेंट अरविंद कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट आरके शर्मा, डीजीएम फाइनेंस एसपी कुशवाहा, परियोजना मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमरनाथ बारनवाल, अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा, इं बी आर पटेल, इं राम प्यार वर्मा, इं भारत यादव, इं अभय केसरवानी, इं बीपी सिंह, रीना चतुर्वेदी, अभिलाषा यादव सचिन ज्योतिपुंज महिला मंडल अनपरा डिंपल यादव, कुसुम लता, शालिनी चंद्र विजय, सहायक अभियंता इं रोहित राय,इं धर्मेंद्र नामकरन, रामलीला समिति के अध्यक्ष वी के आनंद, सचिव अभिषेक सिंह, इंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, राजकुमार यादव, मुकेश जायसवाल, राकेश जयसवाल, जितेंद्र जायसवाल, इंद्रेश सिंह, रविकांत गौड़, प्रभाकर सिंह, नीरज जायसवाल, सूरज गुप्ता, सीलियम मसिंह, अखिलेश कुमार, योगेंद्र मिश्रा अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही

## बचाव एवं राहत दल एसडीआरएफ ने पार्वती नदी में डूबे 35 वर्षीय व्यक्ति के षव को बरामद करने में प्राप्त की सफलता

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर / विजय श्रीवास्तव ।** पुलिस कन्ट्रोल रूम पुलिस थाना सैपऊ के अन्तर्गत विक्रमपुरा गांव के समीप बुधवार को पार्वती नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना राजस्थान कंट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर मानसून सत्र 2025 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ सी कम्पनी भरतपुर की रिजर्व पुलिस लाईन जिला धौलपुर पर तैनात रेस्क्यू टीम सी-04 के प्रभारी हैड कानि0 ऊदल सिंह को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 9 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सायं 5:40 बजे घटना स्थल पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया। नदी की चौड़ाई 150 मीटर तथा गहराई 35 फीट है। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों वेदप्रकाश, धर्म सिंह, राजवीर सिंह, गीतम सिंह, संजय सिंह, रविन्द्र सिंह, मुरारी सिंह, अनूप तथा खैमसिंह ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति में चलाकर नदी के पानी को हिलाया। उसके बाद बांस, बिलाई, रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। सायं 7 बजे स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार सर्च ऑपरेशन सुबह तक स्थगित कर दिया गया। गुरुवार को



रेस्क्यू टीम के द्वारा दिनभर पार्वती नदी में गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार रेस्क्यू टीम सी-4 की सहायतार्थ जिला मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त रेस्क्यू टीम सी-03 प्रभारी हैड कानि0 हरप्रसाद के नेतृत्व में प्रातः 7:30 बजे घटनास्थल पर पहुँची। दोनों रेस्क्यू टीमों ने मोटर बोट, बांस, बिलाई तथा रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। अथक परिश्रम तथा कड़ी मेहनत से रेस्क्यू टीमों को प्रातः 10 बजे घटनास्थल से 1 किलोमीटर की दूरी पर सफलता प्राप्त हुई। रेस्क्यू टीम ने पार्वती नदी में डूबे व्यक्ति सोनू पुत्र बंगाली कुशवाह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम निसोरे का पुरा के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

## शहरी सेवा शिविर में लोगों को मिला फायदा

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** शहरी सेवा शिविर में शुक्रवार को अग्रसैन भवन में वार्ड नं. 51 व 52 का शिविर आयोजित किया गया।आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि अध्यक्ष, राजस्थान राज्य अनूसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग राजेन्द्र नायक व पंचायत समिति बीदासर प्रधान की प्रधान संतोष मेघवाल ने शिविर का निरीक्षण किया व आवेदक को पट्टा वितरण किया। इसी प्रकार कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ में 12 पट्टा पत्रावली प्राप्त हुई। जिसमें मौके पर 02 पट्टा जारी कर आवेदकों को दिया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 15, एनएफएस के.ई.केवाईसी 22, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 05, जीवीपी. 15, रोड़ मरम्मत 03, नाली मरम्मत 02, निराश्रित पशु पकड़ने से संबंधित सूचना 04, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 30, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 08, जनआधर संशोधन व अद्यतन 07 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि 19 प्रकरण प्राप्त हुए। पेड़ लगाये 65, इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन लिकेज 04, जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 04 प्रकरण प्राप्त हुए एवं विभागीय



योजनाओं की जानकारी से 240 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 09 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में उपस्थित कुल उपचारित व्यक्ति 402, एन.सी.डी. 315 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग चूरू के अन्तर्गत 108 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 04 प्रकरण प्राप्त हुऐ। उक्त शिविर में भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया,पार्षद बाबूलाल कुलदीप, पुरूषोतम शर्मा, दीनदयाल पारिक, रामनिवास बुगालिया, गणेश मण्डावरिया, पार्षद प्रतिनिधि जावेद ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह सहायक अभियंता सुश्री चारवी व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# भारतीय विज्ञान में महिलाओं की अधूरी यात्रा


डॉ. प्रियंका सौरभ

**भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की मौजूदगी ने पिछले कुछ दशकों में नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर मिसाइल विकास तक उनकी भूमिका आज किसी से छिपी नहीं है। लेकिन यह यात्रा अभी भी अधूरी है क्योंकि तथाकथित 'लीकी पाइपलाइन' यानी शिक्षा और कॅरियर के अलग-अलग चरणों पर महिलाओं का बाहर हो जाना, उन्हें नेतृत्व की सीट तक पहुँचने से रोकता है। यह समस्या केवल व्यक्तिगत आकांक्षाओं की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नवाचार और उत्कृष्टता की है। सवाल यही है कि भारत कब इस रिसाव को रोकेगा और कब महिलाएँ बराबरी से विज्ञान की बागडोर थामेंगी।**

भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष कार्यक्रम, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान आज विश्व स्तर पर बनी है। इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिकता भर नहीं रही बल्कि ठोस और प्रभावी साबित हुई है। डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल महिला कहा जाता है, या चंद्रयान-3 मिशन की महिला वैज्ञानिकों कल्पना कलहस्ती और ऋतु करिधल का योगदान इसका जीवंत उदाहरण है। यह स्पष्ट करता है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, वे वास्तविक परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं।

फिर भी तस्वीर का दूसरा पहलू चिंता पैदा करता है। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या बड़ी है, परंतु शोध और नेतृत्व के पदों तक पहुँचते पहुँचते यह संख्या लगातार घटती जाती है। इस प्रवृत्ति को ही लीकी पाइपलाइन कहा जाता है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि स्नातक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगभग तैंतालीस प्रतिशत है। यह आँकड़ा किसी भी देश के लिए गौरवपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब यही लड़कियाँ आगे शोध और अनुसंधान के मार्ग पर बढ़ती हैं तो मात्र चौदह प्रतिशत ही इस क्षेत्र में टिक पाती हैं। यही नहीं, उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला संकाय की संख्या लगभग पंद्रह प्रतिशत तक सीमित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएससी या सीएसआईआर अब तक किसी महिला के नेतृत्व में नहीं रहे।

वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज़िम्मेदारियाँ और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह



रिसाव है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है।

इस रिसाव की कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएँ बीच रास्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढाँचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पदोन्नति और नेतृत्व पदों पर जाने का मार्ग महिलाओं के लिए कठिन है। अनौपचारिक नेटवर्क, सामाजिक पूर्वाग्रह और लैंगिक धारणाएँ इस कठिनाई को और गहरा करती हैं।

वित्तपोषण और मान्यता का संकट भी कम नहीं है। शोध अनुदान में महिलाओं को कम प्राथमिकता दी जाती है। यह उनकी परियोजनाओं की दिशा और नवाचार की संभावनाओं को सीमित करता है। सामाजिक दृष्टिकोण भी विज्ञान को पुरुष प्रधान क्षेत्र मानता है, जिससे परिवार और समाज अक्सर लड़कियों को इस ओर बढ़ने से हतोत्साहित करते हैं। यदि कोई महिला कॅरियर ब्रेक ले भी ले तो पुनः-प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक योजना अवश्य मौजूद है, परंतु उसकी पहुँच अभी बहुत सीमित है।

यह समस्या केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियों की बाधा नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य से भी गहराई से जुड़ी है। जब भारत विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प ले रहा है, तब वैज्ञानिक नवाचार और शोध में आधी आबादी की भागीदारी को नजरअंदाज करना आत्मघाती साबित हो सकता है। विश्व बैंक का अनुमान है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को सात सौ अरब डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि मिल सकती है। यदि महिलाएँ बराबरी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करेंगी तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा स्वतः बढ़ेगी।

इसके साथ ही यह भारत की वैश्विक छवि का भी सवाल है। लैंगिक समानता की दिशा में ठोस कदम भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और नेतृत्व की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर जब भारतीय महिला वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलती हैं तो वह भारत की विश्वसनीयता का प्रतीक बन जाता है। इससे भी आगे, यह आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षा का प्रश्न है। अगर आज हम विज्ञान में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनि त करते हैं, तो कल हमारी बेटियाँ आत्मविश्वास से भरी होंगी और विज्ञान को अपनी पसंद का क्षेत्र मानेंगी।

सरकार ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की किरण योजना, महिला वैज्ञानिक योजना, एसईआरबी पॉवर फेलोशिप जैसी पहलें युवा महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। इसरो और डीआरडीओ ने लचीले कार्य समय, विस्तारित मातृत्व अवकाश और घर से काम करने जैसे विकल्प लागू किए हैं। कई संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता समितियाँ भी गठित की गई हैं। लेकिन यह सब अभी भी अपर्याप्त है। आवश्यकता है कि इन योजनाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए और उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

आगे की राह यह है कि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतिनिधित्व की सीमा तय की जाए। महिला नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तपोषण सुनि त हो। कॅरियर ब्रेक के बाद पुनः-प्रवेश को आसान बनाया जाए और अधिक संख्या में पुनः-प्रवेश फेलोशिप दी जाए। वरिष्ठ महिला वैज्ञानिकों और नई शोधार्थिनियों के बीच मार्गदर्शन का सेतु तैयार किया जाए। सबसे बढ़कर, समाज की मानसिकता बदली जाए। परिवार और समाज को यह स्वीकार करना होगा कि विज्ञान पुरुषों का नहीं, बल्कि सभी का क्षेत्र है।

भारतीय विज्ञान में महिलाओं की यात्रा प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे बढ़ चुकी है, लेकिन नेतृत्व तक पहुँचने में अब भी कई बाधाएँ मौजूद हैं। यह बाधाएँ केवल व्यक्तिगत हानि नहीं बल्कि राष्ट्रीय हानि भी हैं। अगर भारत को ज्ञान शक्ति बनना है, तो इस रिसाव को रोकना ही होगा। वास्तविक नवाचार और उत्कृष्टता तभी संभव है जब प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पुरुष और महिलाएँ बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। यह केवल समान अवसर का सवाल नहीं है, बल्कि भारत के वैज्ञानिक भविष्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का भी प्रश्न है।

## संपादकीय

# रेपो दर वही, लेकिन खर्च और निवेश की रणनीति बदलने की जरूरत

केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को लेकर जो फैसले लिए जाते हैं, उसके तहत अगर इसमें कमी की जाती है, तो उसे मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है। ऋण का सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर निर्भर करता है। देश में केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों के संबंध में जो फैसला लिया जाता है, उसका असर मुख्यतः बाजार में ऋण चुकाने के लिए मासिक किस्तों पर किसी वस्तु की खरीदारी से लेकर जमीन-जायदाद के कारोबार पर भी पड़ता है। इसलिए जब भी रेपो दरों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है, तब इसे लेकर आम लोगों के बीच उत्सुकता रहती है। हालांकि ज्यादातर साधारण लोगों को अर्थव्यवस्था के जटिल नियम-कायदों से बहुत वास्ता नहीं होता और वे ऐसे फैसलों के अमल के बाद बनने वाली स्थितियों पर निर्भर रहते हैं कि उनकी जेब ढीली होगी या उन्हें राहत मिलेगी। गौरतलब है कि बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई कि इस बार भी नीतिगत दरों में में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीते अगस्त की तरह अक्तूबर में ब्याज दर को 5.5 फीसद पर ही यथावत रखा गया है। कहा जा सकता है कि त्योहारों के इस मौसम में अगर लोगों को अतिरिक्त राहत नहीं मिली है, तो कोई बड़ा झटका भी नहीं लगा है। हालांकि पिछले कुछ समय से भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह की अनि तता बनी हुई है, उसमें आम लोगों का आशंकित होना स्वाभाविक है। दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने की नीति पर कदम बढ़ाने के बाद भारत सरकार ने आंतरिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को संभालने और आम लोगों को राहत देने के लिए जिस तरह माल एवं सेवा कर के ढांचे में बदलाव करने सहित कुछ अन्य कदम उठाए, उसमें रेपो दरों को लेकर भी लोगों के बीच यह उम्मीद बंधी थी कि इसमें भी कोई राहत का संदेश आएगा। मगर केंद्रीय बैंक की ओर से इसे यथावत रखने की घोषणा के बाद अब संभव है कि लोगों को अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा संतुलन का ध्यान रखना होगा। इससे पहले इस वर्ष रेपो दरों में तीन बार कटौती के साथ इसमें सौ आधार अंकों की कमी की जा चुकी है। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार-चढ़ावों का सामना करने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी चुनौतियां खड़ी हैं, उसमें स्थिरता बनाए रखने के उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद मिल सकती है।

## चिंतन-मनन

# जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनि त दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा।

संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मि ी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बा अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर, अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो।

अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं। अपनी शक्तियों को जाग्रत, विकसित कर लेना या शिथिल पंगु बना लेना स्वयं के हाथ में है। यदि तुम मन की गुप्त महान सामथ्र्ये को जाग्रत कर लो और लक्ष्य की ओर प्रयत्न और उत्साहपूर्वक अग्रसर होना सीख लो तो जैसा चाहो आत्म निर्माण कर सकते हो। मनुष्य के मन में जिन महत्वाकांक्षाओं का उदय होता है और जो-जो आशापूर्ण तरंगें उदित होती हैं, वे अवश्य पूर्ण हो सकती हैं, यदि वह दृढ़ नि य द्वारा अपनी प्रतिभा जगा लें।

# पीओके में बिगड़ती कानून व्यवस्था और असुविधाओ को लेकर जनता का हल्लाबोल


कांतिलाल मांडोत

पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में शाहबाज सरकार की बेरुखी से नाराज स्थानीय पुलिस बगावत पर उतर आई।भारत मे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पाकिस्तान अपने ही घर मे घिरने लगा है।पीओके की आवाम खौफजदा है।पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके की जनता जिल्लतभरी जिंदगी गुजर- बसर कर रही है।असुविधाओं के कारण जीना मुहाल हो गया है।बिजली ,महंगाई से त्रस्त जनता का गुस्सा भड़क उठा है।पाकिस्तान सरकार बड़ी बड़ी डींगें हांकने में माहिर है।पीओके की जनता त्रस्त है।थाने में पुलिस नहीं है और थाने खाली है।तब सवाल उठता है कि जनता की जानमाल की हिफाजत करने वाला कौन है?शहबाज सरकार के खिलाफ बगावत के सुर तेज हो गए है।भगवान के भरोसे जनता त्राहिमाम कर रही है।पाकिस्तान में विधानसभा भवन और पीएम सचिवालय पर कोई सुरक्षा के इंतजाम नही है।महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए कोई सुविधा नही है।सात दशक से सड़के का निर्माण नही किया है।पुल,सड़के और जर्जर स्कूल से अव्यवस्था पैदा हो रही है।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पलटू राम अमेरिका की शरणागति स्वीकार कर सौदेबाजी में मशगूल है।देश मे अराजकता व्याप्त है।पाकिस्तान में आतंकवादियों के हौसले बुलंद है।जिन आतंकवादियो को पाल पोस रहा है ,वो पाकिस्तान की निर्दोष जनता के लिए सिरदर्द बना गया है।पाकिस्तान भी आतंकवादियों से परेशान है।पालतुं कुत्ते मालिक पर ही हमला करता है।वैसी ही दशा पाकिस्तान की है।लॉकडाउन का ऐलान किया है।इस्लामाबाद से सुरक्षा के लिए जवान भी भेजे गए थे।पाकिस्तान में जंगलराज है।पीओके की जनता के साथ फौज के जवान दुर्व्यवहार करते है।उनके आवागमन पर फौज की नजर रहती है।वे गुलाम जिंदगी जी रहे है।पीओके के लोगो ने कई बार पीओके को भारत मे शामिल करने के लिए गुहार लगा रहे है।देश की सबसे अच्छी और शक्तिशाली इकाई कानून व्यवस्था है।जिस देश की कानून व्यवस्था डगमगा जाती है।वहा जंगलराज कायम हो जाता है।उसके लिए कुशल प्रशासक की आवश्यकता होती है।पुलिस की अभूतपूर्व हड़ताल की वजह का कारण, पीओके की कानून व्यवस्था का लचर होना है।थाने में पुलिस ही उपस्थित नही रहती है तो उसका अंदाजा लगाया जा सकता है।गरीबी और फटेहाल जीवन यापन करने वाली आवाम अब आजादी की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है।लॉक डाउन की कवायद शुरू हो गई है।जनता ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन की इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए मांग रखी है।पाकिस्तान हर हाल में पीओके को आजाद करना नहीं चाहता है।लेकिन भारत कहता है हम हर हाल में पीओके लेकर रहेंगे।पुलिस को वेतन और परिवार के लिए बेहतर सुविधा की मांग की है।टूटते मनोबल के दौरान सरकार को हौसला अफजाई करने की आवश्यकता है।पुलिस रात दिन काम पर रहती है।उनके परिवार के लिए कोई सुविधा या परिवार को पालने के लिए पैसे नही मिलते है।यह स्थिति पीओके की है,जहा शहबाज सरकार की प्रशंसा करते थकने नही है,वही पीओके के लिए सौतेला व्यवहार किया जाता है।पुलिस की मांग को सरकार नही मानती है,तब तक पीओके का पुलिस महकमा वापस लौटने के लिए राजी नही है।सरकार ने बजट का हवाला देकर फिर से नौकरी पर लौटने के लिए आग्रह किया गया है,लेकिन पुलिस अडिग है।पाकिस्तान खैबर में टीडीपी के 17 आतंकवादियों का खात्मा किया गया।उधर,बलूचिस्तान में संघर्ष में पाकिस्तान के 15 जवान शहीद हो गए।देश मे अराजकता व्याप्त है।ये पालतू प्रशिक्षित आतंकवादी सरकार के लिए बहुत बड़ा खतरा होगा।जिस दिन पुलिस की तरह देश मे आतंकी बगावत पर उतर आएंगे,तब पाकिस्तान सरकार और आवाम के लिए युद्ध जैसी स्थिति बनेगी।क्योकि जिन लोगो को पाकिस्तान पाल रहा है।वो सरकार के लिए खतरा खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ेंगे।पाकिस्तान में पिछले दिनों आतंकी आकाओ पर कहर बरपा और एक एक कर मोस्टवांटेड आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया।आवाम के साथ की जा रही अवहेलना का उदाहरण स्वरूप यह आंदोलन है।सरकार को अब होंश आ जाना चाहिए।वर्षो से चल रही उपेक्षा, भ्रष्टाचार और लोगो के साथ ज्यादती का परिणाम है कि आवाम बुनियादी सुविधा के लिए मोहताज है।नागरिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छ पानी जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखा जाता है।इस जंगलराज और फौज से परेशान होकर पीओके की जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है।पीओके के हिंसक प्रदर्शन में भी लोग घायल हुए है।रक्षा मंत्री राजनाथसिंह सिंह ने पिछले दिनों कहा कि जनता परेशान और त्रस्त है।पीओके की जनता खुद चल कर भारत मे शामिल होने के लिए तैयार होगी।क्योंकि उनकी जिंदगी बदतर हो गई है।45 से 46 लाख जनसंख्या 85,793 किलोमीटर के क्षेत्रफल की हिस्सेदारी से पीओके में रह रही है।उनके यहां बिजली बराबर नही आती है।बिजली के लिए जनता परेशान है।सरकार की तरफ से राशन या खानेपीने की चीज वस्तुओ का अभाव और जनता के साथ दुर्व्यवहार करने की दिनचर्या बन गई है।इन मुस्किल हालात में जनता समझौता नही करना चाहती है।पीओके भारत मे आतंकी भेजने के लिए लॉन्च पैड के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।पाकिस्तान फौज लोगो को परेशान करती है।पीओके भारत मे शामिल हो जाने पर, भारत मे घुसने वाले आतंकवादी बन्द हो जाएंगे।यह भारत के लिए बड़ी ताकत के रूप में काम आ सकता है।क्योंकि भारत सरकार के अधीन पीओके से आतंकवादियो को रोकने में सफलता




मिलेगी।लोगो के गुस्से से पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है।पीओके के साथ सौतेला व्यवहार पाकिस्तान को भारी पड़ रहा है।पुलिस भी सरकार के अधीन नही है।तब सवाल उठता है कि जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी का क्या होगा?पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर में तीन बड़े शहरों मेंपाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है।क्षेत्र में बंद के दौरान प्रतिष्ठान बंद रहे।इलाको में मशाल और मोटरसाइकिल लेकरमार्च निकाला गया।सरकार के खिलाफ जनता घरों से निकल चुकी है।सेना ने उन शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कारियो पर गोलियां चलाई है।2022 और 2023 में भी जनता सड़को पर उतरी थी।जनता जानती है कि सरकार कुछ परिवर्तन करने वाली नही है।जिस तरह से पीओके के हालात बदतर हुए है,उससे तो लोगो का जीवन नरकगामी बनता जा रहा है।बगावत का सुर तेज हो गया है।पाकिस्तान सेना और सरकार मिलकर आतंकी कैम्प बना रहे है।भारतीय सेना नेऑपरेशन सिंदूर में तबाह कर दिए थे।पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आने वाला नही है।कुत्ते की दुम 12 साल के बाद भी वैसी की वैसी ही थी।यह कहावत है कि वो सुधरने वाला नही है।

# विश्व पशु दिवस : पशुओं के प्रति हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी


दिलीप कुमार पाठक

'किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां पशुओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है' एक राष्ट्र तभी समृद्ध होगा जब वह पशुओं के जीवन को मानव जीवन के समान मूल्यवान समझेगा' पशुओं को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार सभी को जानना चाहिए' महान विचारक श्री अरविंदो भी यही कहते थे जीवन तो जीवन है - चाहे वह बिल्ली में हो, कुत्ते में हो या मनुष्य में। बिल्ली और मनुष्य में कोई अंतर नहीं है। अंतर का विचार मनुष्य के अपने लाभ के लिए एक मानवीय अवधारणा है। हैरियट बीचर स्टोव कहते थे - जानवरों के साथ अपने व्यवहार में हमें यह याद रखना चाहिए कि वे हमारे पूर्वजों की ओर से हमें दी गई एक पवित्र धरोहर हैं। वे गूंगे हैं और अपनी बात नहीं कह सकते। अतः हमें इस धरोहर को सम्भालना चाहिए '

अभी कुछ दिनों पहले आवारा कुत्तों को लेकर दिल्ली में अमानवीयता देखने को मिली थी, परंतु कोर्ट ने कुत्तों के जीवन को भी उपयोगी बताते हुए लोगों की अमानवीयता पर रोक लगाई थी कि कुत्ता हो या कोई



अन्य जीव सभी का जीवन महत्तवपूर्ण है ' खासकर जानवर भी हमारे आसपास रहते हैं जिससे प्रकृति संतुलित रहती है '

प्रत्येक 4 अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह दिन पूरे विश्व में मनाए जाने वाले प्रमुख दिनों में से एक है ' विश्व स्तर पर विश्व के बुद्धिजीवियों ने पर्यटकों के संरक्षण और संरक्षण के लिए इस दिन की शुरूआत की थी, जिसे पूरे विश्व में जानवरों के संरक्षण और जागरुकता के लिए मनाया जाता है ' यह दिवस मानव की समृद्धि में एक प्रमुख कारक है, प्राकृतिक आपदाओं से, जहां मनुष्य खुद को किसी भी तरह से बचा लेता है, लेकिन वह पशुओं को बचा नहीं पाता है । 4 अक्टूबर को हम 'विश्व पशु कल्याण दिवस' मानते हैं, यह एक अन्तराष्ट्रीय दिवस है ' यह दिन एसीसी केसेंट फ्रांसिस का जन्मदिवस भी है जो कि पशुओं के महान संरक्षक थे' देखा जाए तो विश्व पशु कल्याण दिवस की शुरूआत 1931 ई.पू. में परिस्थिति विज्ञानशास्त्रियों के सम्मलेन में इटली के शहर फ्लोरेंस में की गई थी' अब तक युनाइटेड नेशंस ने पशु कल्याण पर एक सार्वभौम घोषणा के नियम एवं निर्देश के अनेक अभियानों की शुरूआत की है, पृथ्वी की दृष्टि से, संयुक्त राष्ट्र ने घोषणा किया कि जानवरों के दर्द और पीड़ा के सन्दर्भ में उन्हें प्राणी के रूप में पहचानने की बात कही गई है, जिससे उनकी जान की रक्षा करना सभी का उत्तरदायित्व होना चाहिए लेकिन विश्व पशु कल्याण दिवस का मूल उद्देश्य पशु कल्याण मानकों में सुधार करना, और असंख्य लोगों को पशुओं के प्रति जागरूक करना ' खासकर जिन्होंने अब तक पशुओं के जीवन को भी महत्पूर्ण माना है उन विद्वानों के प्रति प्रेम एवं कृतज्ञता प्रकट करना तो है ही साथ ही पशुओं का जीवन सक्षम और बेहतर हो सके। विश्व पशु दिवस का मुख्य उद्देश्य पशुओं के प्रति लोगों के व्यवहार और उनके जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य पशुओं के लिए बेहतर जीवन परिस्थितियों को सुनि त करना है, जिसमें उनके लिए बचाव आश्रय प्रदान करना, धन जुटाना और पशु कल्याण कार्यक्रम शुरू करना शामिल है। इस दिन के माध्यम से पशुओं के प्रति क्रूरता के बारे में भी जागरूकता फैलाई जाती है, जैसे कि उन्हें मारना-पीटना, पत्थर मारना, और गलत कामों के लिए उनका इस्तेमाल करना। इसका उद्देश्य पशुओं के जीवन को बेहतर बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। हालांकि अभी भी पशुओं के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है '

अभी दुनिया भर में जानवरों के प्रति क्रूरता के विडिओ आते रहते हैं, हम अपने आसपास भी लोगों को देखते रहते हैं ' तब सवाल उठते हैं कि दुनिया पढ़ लिखकर आगे बढ़ रही है या क्रूर हो रही है ' ईश्वर ने इंसान को जुबां, के साथ सोचने, समझने, कमाने की समझ दी है, वहीं जानवरों को सोचने समझने की क्षमता नहीं दी यही कारण है कि इंसान की जिम्मेदारी पशुओं की रक्षा के प्रति ज्यादा बढ़ जाती है '

अगर हम पशुओं के प्रति क्रूर हो जाएंगे तो प्रकृति इंसान के साथ क्रूर हो जाएगी चूंकि प्रकृति को असंतुलन स्वीकार नहीं है यही कारण है कि प्रकृति ने इंसान को समृद्ध करके भेजा है ' बेजुबान जानवरों के प्रति हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है, हम सभी को सुनि त करना होगा, जिससे हम अपनी शिक्षा एवं अपने मानवीयता का पालन करते हुए पशुओं की रक्षा करें ', गुरु नानक देव जी, महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, जैसे महापुरुषों ने किसी भी जीव के प्रति हम सभी के नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी है '

### 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी 17 एवं 19 वर्षीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# प्रतियोगिता के माध्यम से देश के लिए एक से बढ़कर एक प्रतिभावान खिलाड़ी मिलेंगे : पूर्व पार्षद शोभा बाई

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

राजस्थान आर्चरी चैंपियनशिप की छात्र एवं छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताएं पुलिस लाइन में चल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक धौलपुर सुक्खो देवी रावत ने की। 69वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 17 एवं 19 वर्षीय इंडियन राउंड की प्रतियोगिताएं जारी है।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद शोभा बाई ,एडवोकेट एवं पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य गिरीश गुर्जर,अब्दुल रहमान खान,आबिद अहमद,मोमिन खान,नरेंद्र सिंह संधू कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व पार्षद



शोभा बाई ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उनका हौंसला बढ़ाया। खिलाड़ियों ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन होना वाकई सुखद है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश के लिए एक से बढ़कर एक प्रतिभावान खिलाड़ी मिलेंगे। उन्होंने इकरा स्कूल की संस्थापक नरगिस शरीफी एवं माजिद शरीफी को आयोजन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संयुक्त सह संचालन सचिव एवं इकरा माध्यमिक विद्यालय धौलपुर की निदेशक नरगिस शरीफी,डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र सिंह एवं चौब सिंह कुशवाह ने बताया कि

17 एवं 19 वर्षीय रिकर्व राउंड एवं एलिमिनेशन राउंड में ये रहे विजेता

17 वर्षीय छात्र कंपाउंड राउंड में विजेता कोटपुतली बहरोड़ के वासु यादव प्रथम,गंगानगर के प्रबल प्रताप द्वितीय एवं हनुमानगढ़ के आर्यन पारीक तृतीय स्थान,एलिमिनेशन राउंड में कोटपुतली बहरोड़ के वासु यादव प्रथम ,जयपुर के अक्षित शर्मा द्वितीय एवं जोधपुर के आदित्य भाटी तृतीय स्थान,17 वर्षीय छात्रा कंपाउंड राउंड में बीकानेर की कुमकुम प्रथम, हनुमानगढ़ की मणिका बिश्नोई द्वितीय एवं जयपुर की कनिका यादव तृतीय स्थान ,17 वर्षीय छात्रा एलिमिनेशन राउंड में बीकानेर की कुमकुम प्रथम,हनुमानगढ़ की मणिका बिश्नोई द्वितीय एवं जयपुर की कनिका यादव तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्र कंपाउंड राउंड में जयपुर के देवांश सिंह प्रथम,अक्षत खंडाल द्वितीय एवं सचिन चेची तृतीय स्थान ,19 वर्षीय छात्र कंपाउंड एलिमिनेशन राउंड में जयपुर के देवांश सिंह प्रथम,अक्षत खंडाल द्वितीय एवं सचिन चेची तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्रा कंपाउंड राउंड में जयपुर की रितिका चौधरी प्रथम, चूरू की कियारा द्वितीय एवं जयपुर की कोमल चौधरी तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्रा कंपाउंड एलिमिनेशन राउंड में जयपुर की रितिका चौधरी प्रथम ,चूरू की कियारा द्वितीय एवं जयपुर की कोमल चौधरी को तृतीय स्थान,17 वर्षीय छात्र रिकर्व राउंड में जयपुर के अनिल चौधरी प्रथम,बीकानेर के मंशदीप द्वितीय एवं अलवर के अनुज कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

17 वर्षीय छात्र रिकर्व एलिमिनेशन राउंड में बीकानेर के पार्थ कंडारा प्रथम,जयपुर के अथर्व शर्मा द्वितीय एवं बीकानेर के मनदीप तृतीय स्थान,17 वर्षीय छात्रा रिकर्व राउंड में जयपुर की अलका वर्मा प्रथम,जयपुर की धृति शर्मा द्वितीय एवं डूंगरपुर की सुधांशी गरासिया तृतीय स्थान,17 वर्षीय छात्रा रिकर्व एलिमिनेशन राउंड में डूंगरपुर की सुधांशी गरासिया प्रथम एवं सृष्टि आहारी द्वितीय एवं जयपुर की धृति शर्मा तृतीय स्थान पर रही।

19 वर्षीय छात्र रिकर्व राउंड में जयपुर प्रथम के तन्मय सिंघाटिया प्रथम एवं मिरव शर्मा द्वितीय तथा हनुमानगढ़ के सौरभ निवाड तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्र रिकर्व एलिमिनेशन राउंड में जयपुर प्रथम के अभिषेक चौधरी प्रथम, हनुमानगढ़ के अंश दत्त द्वितीय एवं जयपुर प्रथम के तन्मय सिंघाटिया तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्रा रिकर्व राउंड में कोटपुतली बहरोड़ की डोरिस खटाना प्रथम,जोधपुर की दुर्गेश्वरी राठौड़ द्वितीय एवं जयपुर की नियती भारद्वाज तृतीय स्थान,19 वर्षीय छात्रा रिकर्व एलिमिनेशन राउंड में कोटपुतली बहरोड़ की डोरिस खटाना प्रथम, जयपुर की नियती भारद्वाज द्वितीय एवं टोंक की शताक्षी तृतीय स्थान पर रही। मंच संचालन अनिल मिश्रा ने किया। निदेशालय से प्रतिनियुक्त निर्णायकों में अनीता तावड़, परमेश्वरी चौधरी,नीलम,सवाना,दिनेश कुमावत,नारायण वरांडा,बाबूलाल गमेती,

इस अवसर पर राकेश परमार, परमवीर सिंह, मनोज शर्मा,हरिमोहन शर्मा,चंद्रभान चौधरी,संजीव श्रीवास्तव,कप्तान सिंह,अनु वशिष्ठ,अलका सहित अन्य मौजूद रहे।

## एसडीएस कन्या महाविद्यालय में गांधी व शास्त्री जयंती पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** सोना देवी सेठिया कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों व एनसीसी के संयुक्त तत्वावदान में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रथम एक दिवसीय शिविर के दौरान साफ - सफाई, पौधों में पानी देकर श्रमदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ वंदना भटनागर, प्राचार्य डॉ साधना सिंह, उपप्राचार्य डॉ जय श्री सेठिया, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मेघना सोनी, सेल्वी बगड़ा एनएसएस अधिकारी चंद्र प्रकाश गुर्जर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेविकाओं व एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ वंदना भटनागर ने बताया कि गांधी जी का विचार सत्य ही ईश्वर है और अंहिसा परम धर्म है, हमें सिखाता है कि हमें अपने जीवन में हमेशा सत्य का साथ देना चाहिए और अंहिसा के मार्ग पर चलना चाहिए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ साधना सिंह ने बताया कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का कार्यकाल भले ही सिर्फ 18 महीने का रहा हो लेकिन इस छोटी से अवधि में उन्होंने अपने कड़े फैसलों और तगड़ी कार्यक्षमता से दुनिया भर को अपना कायल बना दिया। उपप्राचार्य डॉ जय श्री सेठिया ने बताया कि यह वो शुभ दिन है जब देश एक साथ दो महापुरुषों महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का उत्सव मनाता है। आज देश उनके महान विचारों, संघर्ष, योगदान व सादगी को याद कर उन्हें नमन कर रहा है और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मेघना सोनी ने बताया कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी का आचरण, कर्तव्य निष्ठा, समर्पण भाव, उनके विचार और जीने का तरीका आज भी करोड़ों लोगों की प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। एनएसएस इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय वर्मा ने गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक एक स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है इसका उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है.

एनसीसी की इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कैडेट मुस्कान खान ने द्वितीय स्थान प्रियंका मेघवाल एवं तृतीय स्थान कृष्णा प्रजापत और शीतल जांगिड ने प्राप्त किया।

एनएसएस इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी चंद्र प्रकाश गुर्जर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टॉफ सदस्य तथा स्वयं सेविकाऐं, एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## विकसित भारत अभियान के तहत माधव विश्वविद्यालय में स्वच्छता संबंधी व्याख्यान का आयोजन

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** विकसित भारत अभियान योजना के अंतर्गत माधव विश्वविद्यालय के सभागार कक्ष में आज स्वच्छता विषय पर एक महत्त्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना तथा उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके व्यावहारिक समाधान के प्रति जागरूक करना था।

**कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित** डॉ. कोमल शर्मा ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे जल जनित रोग, मलेरिया, डेंगू और प्रदूषण जनित बीमारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इनसे बचाव के सरल और कारगर उपायों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि सामुदायिक जीवन के लिए भी अनिवार्य है।

**इस अवसर पर डॉ. सौरभ तिवारी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है।** इसे केवल एक अभियान न मानकर जीवन शैली के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को आदत बनाएं और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस निदेशक डॉ. देवेंद्र




मुझाल्दा ने किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की चुनौतियों और उसके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि गाँवों में स्वच्छता की सोच विकसित होगी तो पूरा समाज स्वस्थ और सशक्त बन सकेगा।


इस अवसर पर डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. रेणुका, संगीता सिंह , डॉ. फरमान अली, डॉ. इंदु बाला, डॉ. अखिलेश, डॉ. कार्तिक प्रजापत, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद सहित अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया गया, जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि वे व्यक्तिगत जीवन से लेकर समाज तक स्वच्छता को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी बनाएंगे। यह आयोजन विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में एक प्रेरक एवं सशक्त कदम साबित हुआ।

## नाडोल में पथ संचलन 2 अक्टूबर को

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**नाडोल / नगराज वैष्णव ।** पत्रिका शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रानी. के तत्वावधान में विजयदशमी पर गुरुवार को नाडोल मंडल की ओर कस्बे मे निकला पथ संचलन का जगह- जगह ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया

### राष्ट्रीयसंघ शताब्दी वर्ष पथ संचलन



नाडोल रानी खण्ड कार्यवाह मुनेशकुमार ने बताया कि वर्ष पर नाडोल मंडल का पथ संचलन कस्बे मांकेडेणश्वर महादेव से मैन बस स्टेण्ड ,रुपमुनी चौराया,रतन चौराया,मेघवालो का बडा वास, वडेर, नवीपाटी होकर पुनः गंतव्यस्थान पहुच समापन हुआ पंथ संचलन में नाडोल, गुडापृथ्वीराज, ढालोप, कोटडी, विरमपुरा माताजी, नयागुडा के स्वंय सेवको ने बडी संख्या में भाग लिया। संचलन के अध्यक्ष बालकनाथ, अध्यक्ष जगदीश देवडा, एवं मुख्य राष्ट्रीय स्वंय सेवक के प्रान्त ग्राम विकास प्रमुख. हितेश जी भाईसा व बडी संख्या ने गणवेश में मांकेडेणश्वर महादेव से मैन बस स्टेण्ड ,रुपमुनी चौराया,रतन चौराया,मेघवालो का बडा वास, वडेर, नवीपाटी होकर पुनः महोदव मंदिर में समापन किया गया। इस दौरान सुरेश सैन, राजेन्द्र परमार, जिला प्रचारक नारायण भाई, प्रतापसिंह विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल, शक्ति वाहीनी, पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल ने सहयोग किया नरेंद्र परमार मोहनलाल,धनाराम ,भोपालसिंह. मोहन सिंह,सुरेश सेन सुरेश सोनी अमर सिंह समाज सेवी vajaram परमार जीतू जोशी la&man महेश ghavari विष्णु vaishnav, राजेश वैष्णव महेश बोहरा अशोक घावरी प्रेम कुमार वकील ,कपूर चंद्र प्रजापत दीपेन्द्रसिंह , सहित संघ के सैकडो स्वंय सेवकों का योगदान. पुलिस प्रशासन ,ग्राम पंचायत, व्यापार मंडल, पत्रकारों , राम राज्य विश्व हिन्दू बजरंग दल दुर्गा वाहिनी शक्ति वाहिनी भामाशाह सभी का आभार प्रकट किया ।

## देश की प्रगति में प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनना आवश्यक: के जी तिवारी



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

भाजपा मंडल बसई नवाब के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का समापन मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में हुआ इस अवसर पर के जी तिवारी ने कहा कि देश की प्रगति में हर व्यक्ति का योगदान बहुत आवश्यक है प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनना होगा।मुख्य वक्ता पूर्व बसई नबाव मंडल अध्यक्ष रामविलास बघेल रहे मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक हरिओम बघेल ने किया सभी पधारे कार्यकर्ताओं का वरिष्ठ भाजपा नेता भीकम सिंह त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आत्मनिर्भर भारत, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना है इस अभियान की शुरुआत पीएम मोदी द्वारा की गई थी जब कोरोना महामारी के कारण पूरे देश में आर्थिक और सामाजिक संकट उत्पन्न हुआ था आत्मनिर्भरता का अर्थ है कि अपने संसाधनों का उपयोग करके आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का निर्माण करना तथा विदेशों पर निर्भरता कम करना भारत एक विशाल देश है जिसमें कृषि ,उद्योग ,विज्ञान ,तकनीक, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अनेक क्षेत्र हैं यदि इन सभी क्षेत्रों में हम आत्मनिर्भर बने तो न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश का हर नागरिक विकास का भागीदार बनेगा इस अभियान के तहत मोदी सरकार ने 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की घोषणा की जिससे किसानों, मजदूरों, लघु उद्योग,महिलाओं और स्टार्टअप्स को सहायता मिल सके इस योजना से मेक इन इंडिया और वोकल फोर लोकल जैसे विचारों को भी बल मिला मैं आप सभी से यही अपील करता हूं कि विदेशी वस्तुओं की जगह भारतीय उत्पादों का उपयोग करें जिससे स्थानीय उद्योग को मजबूती मिले जिससे भारत पुनः विश्व पटल पर विश्व गुरु की भूमिका में स्थापित हो इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

# 'जनता अब और सहन नहीं करेगी अत्याचार:जयवीर पोसवाल

## अधिकारी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

मनिया शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (NHAI) की लापरवाही के चलते धौलपुर शहर और आसपास के कस्बों में जलभराव और सड़कों की बदहाल स्थिति से आमजन त्राहिमाम कर रहे हैं। आज नागरिकों ने क्षेत्रीय अधिकारी पी.डी. (NHAI) को गुलाब का फूल भेंट कर सविनय ज्ञापन सौंपा और साफ चेतावनी दी कि यदि तत्काल सफाई और स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन होगा।

### हालत दयनीय - जनता परेशान

**शहर के प्रमुख मार्ग —** गुलाब बाग चौराहा, वाटरवर्क्स, ओडेला रोड और राजाखेड़ा बाईपास – जलभराव से बदहाल हैं।

बरसाती पानी नालों से ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल रहा है।

दुर्घटनाएँ आम हो गई हैं और आमजन का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

गुलाब बाग चौराहा एक महीने से तालाब में तब्दील है।

अखबारों और मीडिया में लगातार समाचार प्रकाशित हो रहे हैं, लेकिन NHAI ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



### नागरिकों का कहना है

"शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य चौराहा गुलाब बाग, वाटरवर्क्स, ओडेला रोड और राजाखेड़ा बाईपास की हालत दयनीय है, जिसके लिए सीधी जिम्मेदारी NHAI की है। इसे अब सहन नहीं किया जाएगा।"

"हमने गांधीवादी तरीके से गुलाब का फूल देकर चेताया है, लेकिन अगर हालात नहीं सुधरे तो जनता को भगत सिंह का रास्ता अपनाने से कोई नहीं रोक सकता। अधिकारी सामंतवादी रवैया छोड़ें, वरना जनता हाथ पकड़कर काम कराना भी जानती है। सरकार की छवि खराब नहीं होने दी जाएगी और यह संघर्ष जनता की परेशानियों को खत्म करने तक जारी रहेगा।"

"सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और विकासशील राजस्थान के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन NHAI जैसे निकाय अपनी लापरवाही से जनता को नाराज़ कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। यह अब बर्दाश्त नहीं होगा। हम जनता के साथ खड़े हैं और अंतिम दम तक इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। अधिकारी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते, और यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और सख़्त होगा।"

### माँगें

1. धौलपुर-मनिया मार्ग व शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बने नालों की तत्काल सफाई की जाए।
2. गुलाब बाग चौराहा, वाटरवर्क्स, ओडेला रोड और राजाखेड़ा बाईपास पर जलभराव का स्थायी समाधान किया जाए।
3. लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाए।
4. अंतिम चेतावनी यदि समस्या का तुरंत समाधान नहीं हुआ तो जनता सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी NHAI और उसके अधिकारियों की होगी।

## आत्मनिर्भर भारत से बनेगा विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्था: विशाल शर्मा



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

देश भारतीय जनता पार्टी सरमथुरा मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किये नंदकिशोर शुक्ला ने कहा के श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आने के बाद से देश नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है महावीर दत्त बैदल जी कहा के हमें देश में लोकल फोर लोकल पर ध्यान देने की आवश्यकता है देश में बने हुए प्रोडक्ट ही खरीदने चाहिए जिससे देश का पैसा देश के अंदर रहे इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा, मनोज गर्ग,डॉ रामस्वरूप मीणा,नेत्रपाल सिंह परमार,कप्तान सिंह जादौन हरिभगवान शर्मा,भोला सिंह जादौन,नंदकिशोर शुक्ला,संजय पाराशर,भूरा खान ,पवन कुमार शर्मा, नितिन शर्मा,सारस व्यास,दीपक खेमरिया,विक्की तिवारी,लछी राम मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# रानी नगर पालिका परिसर में शहरी सेवा शिविर में बढ़ी आमजन की भागीदारी

द डेस्प्रिंग

**रानी /नगराज वैष्णव ।** नगर पालिका परिसर, रानी में चल रहे शहरी सेवा शिविर में आज भी बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का संचालन नगर पालिका अध्यक्ष भरत कुमार राठौड़ और उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा नेता प्रतिपक्ष मोहमद इलियास चढ़वा, अधिशाषी अधिकारी सुदर्शन जांगू के मार्गदर्शन में किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष भरत कुमार राठौड़ उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा पार्षद, इलियास चढ़वा घीसूलाल चौधरी महेश कुमार, मनीष मेहता,जोधाराम कुमावत मोहम्मद अकरम, कपूराराम , प्रजापत उपस्थित रहे।




आज के शिविर में 69ए पट्टा वितरण हेतु 3 आवेदन प्राप्त हुए, 90 कृषि भूमि में 1 फाइल का निस्तारण किया गया। भवन निर्माण 1 फाइल का आवेदन प्राप्त हुआ। ओर नामांतरण के 2 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3 फाइल का निस्तारण किया गया।ओर एक की मद राशि भी प्राप्त हुई। इसके साथ ही पेंशन स्वीकृति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, नालियों की सफाई, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्य भी संपन्न किए गए।

### नगर पालिका प्रशासन की अपील

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाएँ और सरकारी योजनाओं व सेवाओं से सीधे लाभान्वित हों।

अगले शिविर 03-10-2025 को वार्ड संख्या 11,12 के लिए आयोजित किए जाएँगे।

प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे समय पर पहुँचकर अपने लंबित कार्य निपटाएँ।

इस अवसर पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियन्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, गोपाल सिंह, धनाराम चौधरी, बाबूलाल कुमावत, जितेंद्र कुमार, रतनलाल, सुनील खीचड़, कांतिलाल, निजामुद्दीन, फिरोज खान, मनीष कुमार, मोनूकांत, मुकेश दत्ता, जगन्नाथ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और शिविर की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया।

## अवैध देशी शराब के 55 पब्बा सहित एक गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध देशी शराब लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 पब्बा देशी शराब को जब्त किया है। खेरिया मोड चौकी प्रभारी घनश्याम सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में अवैध शराब लेकर पैदल-पैदल सन्तोकपुरा से सादपुरा वाले रास्ते पर जा रहा है। सूचना पर पुलिस जाप्ता सन्तोकपुरा से सादपुरा जाने वाले रास्ते पर सादपुरा टावर के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति पीठ पर सफेद प्लास्टिक का कट्टा ले जाता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर सकपकाने व भागने लगा जिसको पुलिस जाप्ता ने पकडा व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सत्येन्द्रसिंह पुत्र रामकिशोर जाटव निवासी सादपुरा थाना रुदावल बताया। जब उसके कब्जे के प्लास्टिक के कट्टे को चैक किया तो कट्टे के अन्दर 55 पब्बा देशी शराब के रखे हुए मिले। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब के पब्बों को जब्त कर लिया है।

# लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया परिसर में लिया गया नशामुक्त समाज बनाए जाने का सामूहिक संकल्प

द डेस्प्रिंग

**बहराइच / संजय कुमार ।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया परिसर में राष्ट्र नायक महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आई0सी0पी0 लैंड,लैंड कस्टम, सशस्त्र सीमा बल, प्लांट क्वारंटीन स्टेशन से जुड़े कर्मचारी व अधिकारियों ,रूल ऑफ लॉ सोसाइटी पदाधिकारियों व क्षेत्रीय शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत बनाये रखने के लिए सामुहिक संकल्प लिया।आई0सी0पी0 लैंड मैनेजर सुधीर शर्मा ने महात्मा गांधी को राष्ट्र नायक बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्रहित में समाज व परिवार को मजबूत तथा अखंड बनाये रखने का आवाहन किया।विशिष्ट अतिथि रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए लोगो को सामूहिक संकल्प दिलाया तथा संगठन द्वारा चलाये जा रहे विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव अभियान से जन जन को जोड़कर जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात कही। एस0 एस0 बी0 42वी0 वाहिनी सहायक सेनानायक शिवम कुमार ने सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार ,फेक करेंसी ,अवैध अस्त्र शस्त्र करोबार तथा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन समुदाय से हर संभव सहयोग का आवाहन किया।वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा ने महात्मा गांधी को राष्ट्र नायक बताते हुए गांधी जी के सद वाक्य सत्य, अहिंसा को आत्मसात कर परिवार, समाज व देशहित में काम करने का आवाहन किया।किसान परिषद जिला संयोजक शिव पूजन सिंह ने सीमावर्ती इलाकों में नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने का आवाहन किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पर्यावरणविद आयूष वर्मा,समाजसेवी इंजीनियर सिद्धनाथ गुप्ता,अधिकारी प्रदीप गुप्ता समेत स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थी ,अभिभावक तथा शिक्षक उपस्थित रहे।समापन अवसर पर सोसाइटी अध्यक्ष पर्यावरणविद संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने अवैध नशा कारोबार ,क्रय विक्रय ,उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाया।





## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में रानी में पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया ,

द डेस्प्रिंग

**रानी /नगराज वैष्णव ।** नगर के स्वयंसेवको ने उत्साह उमंग के साथ पूरी ऊर्जा के साथ संचलन में भाग लिया, नगर के सज्जन शक्ति द्वारा नगर के प्रमुख चोट चोराहों पर एवं संचलन मार्ग पर जय घोष, पुष्प वर्षा एवं रंगोली बनाकर स्वयंसेवकों का स्वगत किया संचलन के पश्चात् एस.एम.बी. विद्यालय में विजयादशमी उत्सव मनाया गया जिसमें शस्त्र पूजन आयोजन पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीश्री 1008 महेन्द्रा नंद गीरी जी महराज (गुडा मांगलीयान) ने राष्ट्र हित में संघ का समर्पण एवं आशीर्वचन के साथ अपनी बात कही, तत्पश्चात मुख्य वक्ता श्री संदीप जी द्वारा पाथेय प्रदान किया गया अंत में रानी खंड के माननीय संघचालक श्री डाक्टर नंदकिशोर जी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया , आयोजन की अध्यक्षता महेन्द्र जी बैरवा द्वारा की गई । रानी एडवोकेट प्रवीन आर जैन ने उद्बोधन किया



## बिलाड़ा तहसीलदार ने हटाया सिर्फ़ 100 फुट अतिक्रमण, 500 फुट अब भी कब्जे में

### कोर्ट आदेश और विधिक नोटिस के बावजूद कार्रवाई अधूरी, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर ।** ज़िले की बिलाड़ा तहसील के रणसी गांव में गैर मुमकिन बाला/नाला भूमि पर चल रहे अतिक्रमण मामले में प्रशासनिक लापरवाही खुलकर सामने आई है। तहसीलदार बिलाड़ा ने मात्र 100 फुट अतिक्रमण हटाने की खानापूर्ति की, जबकि 500 फुट क्षेत्रफल अब भी कब्जे में बना हुआ है। ग्रामीण रघुवीर सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी रणसी गांव ने अपने अधिवक्ता भवानी सिंह भलासरिया के माध्यम से ग्रामीण एसपी जोधपुर, जिला कलेक्टर जोधपुर, उपखंड अधिकारी बिलाड़ा, तहसीलदार बिलाड़ा और थाना अधिकारी बोरुंदा को विधिक नोटिस भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी।

**इससे पूर्व सहायक कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारी बिलाड़ा में दर्ज** प्रकरण रघुवीर सिंह बनाम सुख सिंह व अन्य पर 4 जुलाई 2022 को निर्णय दिया गया था। आदेश में कहा गया था कि खसरा संख्या 314, 314/1 और 314/2 की तरमीम निरस्त की जाए और उसे पुनः राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन बाला/नाला भूमि के रूप में दर्ज किया जाए। लेकिन तीन साल बीत जाने के बावजूद आदेश पर पूर्ण कार्रवाई नहीं हो पाई।

**रघुवीर सिंह का कहना है कि** बार-बार आवेदन देने के बावजूद प्रशासन पुलिस जाप्ते की कमी का हवाला देकर कार्रवाई टालता रहा। जबकि राजस्थान उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि नाला और नदी पर किए गए अतिक्रमण चार माह की अवधि में हटाए जाने चाहिए। गांव के खातेदारों का आरोप है कि सुख सिंह पुत्र धन सिंह, संपत सिंह पुत्र धन सिंह और छगन कंवर पत्नी धन सिंह ने बाला/नाला पर कब्जा किया हुआ है, जिससे पानी के बहाव का प्राकृतिक रास्ता अवरुद्ध हो गया है। इससे आसपास की खेती-बाड़ी और फसल को भारी नुकसान हो रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पूर्ण अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो वे न्यायालय की शरण लेंगे और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन भी करेंगे।



## स्वच्छता की शपथ के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**सादड़ी / नगराज वैष्णव ।** स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मीणो का झूपा में अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली के सानिध्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तत्पश्चात सामूहिक श्रमदान कर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। संस्था प्रधान भंवरलाल जाट ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा स्वच्छता को स्वभाव बनाने का अनुरोध किया। माली ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां समृद्धि होती है अतः स्वच्छता हमारा संस्कार बनना चाहिए। तत्पश्चात सुभिता ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद सामूहिक श्रमदान कर विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।इस अवसर पर एसीबीईओ माली ने प्रखर कक्षाओं का अवलोकन कर अभिलेख निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए। माली ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीलों का झूपा व मोडिया मगरी का भी अवलोकन कर संस्था प्रधान भरत कुमार व ताराचंद से विद्यालय के नामांकन व गतिविधियों की जानकारी दी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माली ने प्रखर 2.0 की प्रगति का जायजा लिया तथा कहा कि प्रखर के माध्यम से विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक पढ़ना सिखाना है। उन्होंने कुछ विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक पढा कर पठन क्षमता की स्थिति को भी जांचा।संस्था प्रधानों ने दिए गए निर्देशों की पालना करने का विश्वास दिलाया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 3-8के विद्यार्थियों की पठन क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से 7सितंबर से पूरे राजस्थान में 90दिनों तक प्रखर 2.0 चलाया जा रहा है जिसकी अधिकारियों द्वारा सघन मोनिटरिंग की जा रही है।



## जिला सह सयोंजक घेवरचंद परमार के नेतृत्व मे सेवा पखवाडा मनाया

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्रजी मोदी के जन्म दिवस सेवापखवाडा श्री घेवरचन्द परमार जिला सह संयोजक के नेतृत्व में RTO अधिकारी श्री सोहनलाल मय समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करना, मोटर साईकिल चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाना, चार पहिया वाहना चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने की जनता से अपील की तथा केनपुरा चौहराया पर वाहनो व मोटर साईकिल वालों को रुकवाकर रेडियम स्टीकर लगाकर सावधानी पूर्वक गाडी चलाने की हिदायत दी इस अवसर पर श्री गंगासिह महेचा बुथ अध्यक्ष खुनीका गुडा, श्री प्रकाश मेघवाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य रानी खुनी गुडा, श्री अर्जुन सिंह महेचा खुनी गुडा, मांगीलाल भाचुन्दा, मोहनभाई देवासी, आदि लोग मौजुद थे।



## घनश्याम राव समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राहुल भारती ने गोरखपुर निवासी घनश्याम राव को समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। घनश्याम राव ने कहा कि मैं और मेरी पत्नी प्रदेश सचिव अम्बेडकर वाहिनी रीता राव हम दोनों पति-पत्नी मिलकर निरंतर पार्टी हित में दलित समाज को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं तथा दलित समाज को जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। घनश्याम राव ने नेतृत्व का धन्यवाद एवं सादर आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करुंगा। उपरोक्त मनोनयन पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया हैं ।



## मंडावर पुलिस की दबिश में दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**मंडावर /मनोज खंडेलवाल** । अपराधियों के खिलाफ जिला दौसा पुलिस की सख्त रणनीति एक बार फिर रंग लाई जब मंडावर थाना क्षेत्र में दबिश देकर दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के नेतृत्व और मंडावर अधिकारी सत्यनारायण बसवाल की अगुवाई में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी और दोनों फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलराम मीना पुत्र उमराव मीना निवासी उकरुन्द थाना मंडावर, उम्र 30 वर्ष और रामवीरसिंह जाट पुत्र करणसिंह निवासी मधुवना थाना सदर डीग जिला भरतपुर, उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई है। ये दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस के लिए चुनौती बने हुए थे। इस अभियान में थानाधिकारी सत्यनारायण बसवाल के साथ हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, एएसआई रमेशचंद, कांस्टेबल गजेन्द्रसिंह और कांस्टेबल विक्रमसिंह की सक्रिय भूमिका रही।



## पौराणिक बाबा परमहंस मंदिर परिसर में आयोजित हुआ पर्यावरण, जल संरक्षण व नशा उन्मूलन चौपाल

द डेस्प्रिंग

**बहराइच/ संजय कुमार ।** पौराणिक बाबा परमहंस मंदिर परिसर में भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण चौपाल का आयोजन कर नशा मुक्त समाज बनाये जाने का सामूहिक संकल्प लिया गया । कार्यक्रम में भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में आयोजित विषमुक्त खेती नशा मुक्त गांव विषयक आधारित चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा कि नशा समाज के लिए घातक है अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी अंकुश के लिए जन संवाद एवं जन सहयोग महत्वपूर्ण विषय है उन्होंने कहा कि नशा कारोबार में संलिप्त लोगो के खिलाफ अभियान चला कर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी चौपाल आयोजन के लिए एस0डी0एम0 ने आयोजको को साधुवाद भी दिया।ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन सहयोग की आवश्यकता बताई तथा लोगो से प्रभावी पहल कर नशा पर अंकुश लगाने की बात कही।आयोजक किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि संगठन के तत्वावधान में अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जगह जगह स्थानीय जन सहयोग से पंचवटी व हरिशंकरी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर उनके संरक्षण का प्रभावी कार्य भी किया जा रहा है।संघ विचारक सर्वेश जी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी दिया जाना चाहिए ताकि उनका रुझान अवैध व प्रतिबंधित कामो की तरफ न हो सके ।संचालन करते हुए किसान परिषद जिला संयोजक शिव पूजन सिंह ने नशा को मानवता के लिए घातक व अभिशाप बताते हुए इसपर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की आवश्यकता बताई।अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया सुधीर शर्मा ने कहा कि नशा पर प्रभावी अंकुश के लिए जन संवाद एवं जन सहयोग की आवश्यकता है प्रशासन से समन्वय बना कर काम किया जाए तभी अवैध नशा कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण संभव हो सकेगा। धन्यवाद ज्ञापन किसान परिषद ब्लॉक संयोजक दुर्गेश वर्मा ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेवी ललित त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ला, राजेश सिंह, पर्यावरणविद छेदा खां, पर्यावरणविद चंद्र प्रकाश मिश्र, डब्बू सिंह, सुरेश गुप्ता, विशेष सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे । समापन अवसर पर किसान परिषद के संयोजन में नशा उन्मुलन के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने हेतु संकल्प भी दिलाया गया।



## अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सबका घर आश्रम दौसा के वृद्धों का किया सम्मान

द डेस्प्रिंग

**दौसा ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ माय भारत केंद्र दौसा के जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस मनाया गया। माय भारत केंद्र, दौसा पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन के पास सबका घर आश्रम, दौसा मे जाकर वृद्धजनो का फूल माला व फल देकर स्वागत किया। सबका घर आश्रम के निदेशक नवल किशोर भाकरी ने आश्रम के वृद्ध जनो से परिचय कराया व आश्रम कि दिनचर्या से अवगत कराया। माय भारत केंद्र, दौसा के प्रोग्रामर रमा शंकर शर्मा एवं कार्यालय सहायक विजय सिंह ने वृद्ध जनो से कुशलक्षेप जानी, उनके सानिध्य मे बैठ क़र उनसे बात कि व आपबीती सुनी । माय भारत केंद्र से रमाशंकर शर्मा ने कहा कि– "वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरणा और दिशा मिलती है। ऐसे अवसर हमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सेवा की भावना को और प्रगाढ़ बनाने का मौका देते हैं।" इस अवसर पर सबका घर आश्रम के व्यवस्थापक राकेश शर्मा, लखन सिंह गुर्जर (स्वयंसेवक, माय भारत ) सहित 55 से अधिक वृद्धजन उपस्थित रहे।



## बून्दी वन मण्डल एवं रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व में गैर वानिकी कार्यों के विरूद्ध वन विभाग की जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत निरंतर कार्यवाही जारी

### वन रक्षक ही बने भक्षक

### अलग अलग मामलों में वन विभाग की कार्यवाही से मचा हड़कंप

द डेस्प्रिंग

**बून्दी / फ़रीद खान ।** मुख्य वन संरक्षक, कोटा सोनल जौरिहार एवं मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक मुकंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व, कोटा सुगना राम जाट के निर्देशन में एवं उप वन संरक्षक, बून्दी व उपक्षेत्र निदेशक (कोर) रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व, बून्दी देवेन्द्र सिंह भाटी की अगुवाई में विगत दिनो में वनक्षेत्र एवं अभ्यारण्य क्षेत्र में हो रहे गैर-वानिकी कार्यों के विरूद्ध अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि वनक्षेत्रों में अपराधियों द्वारा वन विभाग के स्टाफ की सूचना हेतु जगह-जगह मुखबिरों को बैठाया जाता था जिससे निपटने के लिये उप वन संरक्षक द्वारा स्टाफ को सादी वर्दी में निजी वाहनों का प्रयोग लिया जाकर निम्न कार्यवाहियों को अंजाम दिया गया। इन कार्यवाहियों में 2.अक्टूबर 2025 को रेंज जेतपुर अधीन नाडी का झोपडा से काली रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर जेतपुर रेंज में खड़ा किया।गौरतलब है कि उक्त ट्रेक्टर ट्रोली रेंज जेतपुर अधीन पोखानाडा चौकी पर तैनात फोरी मीणा के भाई रविन्द्र कुमार मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा निवासी ग्राम मोतीपुरा का हैं जिसे कार्यवाही के दौरान फोरी मीणा का अन्य भाई राजेश मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा निवासी ग्राम मोतीपुरा चला रहा था। इसी तरह रेंज केशोरायपाटन अधीन रोटेदा नाके में बीती रात सहायक वन संरक्षक, केशोरायपाटन सोरभकुमार मंगल और रेंज स्टाफ ने काली रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर ट्रोली को जब्त कर कापरेन थाने में खडा किया।

इसी तरह रेंज हिण्डोली अधीन क्षेत्र गणेशगंज में वनभूमि पर जंगल साफ करके लगभग 20 बीघा क्षेत्र पर अतिक्रमण कर कृषि कार्य किया गया था जिसे सहायक वन संरक्षक नैनवां सुनिल कुमार धाबाई द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाया एवं मौके से कृषि उपकरण जब्त किये।

**इसी तरह इस वर्ष मार्च में विभाग द्वारा** वनखण्ड केसरपुरा में अवैध कुट्टी करते हुए जेसीबी मशीन जब्त की गई थी जिसे अपराधी स्टाफ पर घातक हमला कर मौके से भगा ले गये थे, उक्त वाहनों को आज 3.अक्टूबर 2025 को सहायक वन संरक्षक नैनवां सुनिल कुमार धाबाई द्वारा मजबूत सूचना तंत्र स्थापित कर पुनः जब्त किया गया।

**गौरतलब है कि उक्त जेसीबी मशीन पर** न्यायालय सहायक वन संरक्षक, बून्दी में राज्यसातकरण की कार्यवाही विचाराधीन हैं। इसी तरह आज रेंज इटावा अधीन गैंता कीरपुरिया से काली बजरी का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर मय ट्रोली को जब्त कर नाका गैंता में लाकर खडा किया गया।

इसके अतिरिक्त 26 सितंबर 2025 को वनखण्ड धौरेला गरडदा (रेंज डाबी) में डायवर्जनशुदा लीज पर चल रहे अवैध खनन में एक जेसीबी, दो ट्रेक्टर मय कम्प्रेसर व एक पानी का टेंकर जब्त किया गया था। उक्त लीज का निरीक्षण करने पर लीजधारक द्वारा लीज से बाहर वनभूमि पर अवैधरूप से खनन करने एवं अवैधखनन स्टॉक को वनभूमि पर रखने सहित डायवर्जन स्वीकृति में अंकित अन्य शर्तों की पालना नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त निरीक्षण दौरान नाका गरडदा अधीन वनखण्ड गुंवार में वनभूमि पर कई जगह अवैध खनन पाये जाने पर जाने पर उप वन संरक्षक, बून्दी द्वारा नाका गरडदा के समस्त स्टाफ जिसमें विक्रम हूण, नाका प्रभारी,शम्भु दयाल कुमावत, वनरक्षक मयंक मीना, वनरक्षक शामिल है।









## वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश वशिष्ठ ने '106' वीं बार रक्तदान किया

द डेस्प्रिंग

**जोधपुर ।** शहीद स्मारक पर आज महान क्रांतिकारी शहीद ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती के अवसर पर वंदे भारत सेवा संस्थान की ओर से विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश वशिष्ठ ने अपना 106 वां रक्तदान कर एक अनोखी मिसाल कायम की। डॉ राकेश वशिष्ठ ने रक्तदान करते हुए कहा कि अभी 106 पर नॉट आउट बैटिंग कर रहा हूं और जब तक ईश्वर स्वस्थ रखेगा रक्तदान की यह बैटिंग लगातार जारी रहेगी क्योंकि रक्तदान एकमात्र ऐसा जरिया है जिसके द्वारा आप किसी इंसान की रगों में लहू के रूप में दौड़ते हुए उसको जीवनदान देने का पुनीत कार्य करते हो अतः इस मिथक को तोड़ना होगा कि रक्तदान से कोई कमजोरी होती है बल्कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्फूर्ति आती है अतः हमें नियमित रक्तदान करना चाहिए और सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

आपको बता दें डॉ राकेश वशिष्ठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में देहदान और अंगदान का पंजीयन करवा चुके हैं साथ ही अभी तक लगभग 538 व्यक्तियों को प्रेरित कर उनका देहदान अंगदान हेतु पंजीयन कराया है।






## शहनाज़ का नया गाना 'खंड लगदी' कर रहा है खूब ट्रेंड

सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस शहनाज़ गिल का नया गाना 'खंड लगदी' ट्रेंड कर रहा है, जिसे लेकर उन्होंने वीडियो मैसेज के जरिए खुशी जाहिर की। वीडियो में शहनाज़ कहती नजर आईं, 'मैंने अभी देखा कि हमारा 'खंड लगदी' गाना वायरल हो रहा है, थैंक्यू सो मच। सिंगर जैस्मिन ने भी इस गाने को बहुत अच्छा गाया है। मेरा भी मन कर रहा है गाना गुनगुनाने का, हालांकि मैं उनकी तरह नहीं गा पाऊंगी लेकिन कोशिश कर सकती हूं।' वीडियो शेयर करते हुए शहनाज़ ने कैप्शन में लिखा, 'खंड लगदी दुनिया भर में ट्रेंड कर रहा है। आप सभी के प्यार और रील्स के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, और मेरी खराब गायकी के लिए माफ करें।' इसके बाद उन्होंने गाने की कुछ लाइनें गुनगुनाईं, जिसे फैंस ने बेहद पसंद किया। उनकी प्यारी और मासूम अदाओं के साथ सिंगिंग का यह अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस ने शहनाज़ की इस कोशिश की जमकर तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, 'आपकी आवाज में जादू है, हमारी क्वीन शहनाज़ गिल, गॉड ब्लेस यू।' वहीं एक अन्य ने कमेंट किया, 'गाने के लिरिक्स बहुत मुश्किल हैं लेकिन आपने बहुत प्यारा गाया है।' कई फैंस ने उनकी सिंगिंग टैलेंट को सराहते हुए लिखा कि वह एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग में भी शानदार हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो 'खंड लगदी' शहनाज़ गिल की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'एक कुड़ी' का गाना है। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं। पहले फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पंजाब में आई बाढ़ की वजह से रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। अब यह फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## करिश्मा कपूर का रॉयल लुक खूब भा रहा है फैंस को



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। करिश्मा वीडियो में पारंपरिक अंदाज में नजर आ रही हैं और उनका रॉयल लुक फैंस को खूब भा रहा है। वीडियो में करिश्मा कपूर पीले रंग की खूबसूरत साड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। उनके इस आउटफिट को भारी नेकलेस, झुमके और कड़े ने पूरा किया, जो उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं। उन्होंने बालों को बन में बांधा और उस पर गजरा सजाया, जिससे उनका पारंपरिक लुक और निखरकर सामने आया। उनकी मुस्कान और आत्मविश्वास से भरी अदाएं फैंस का दिल जीत रही हैं। करिश्मा का यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कमेंट बॉक्स में फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बढ़ती उम्र के साथ और भी खूबसूरत होती जा रही हैं।' दूसरे ने लिखा, 'आपने साड़ी को बेहद शालीनता के साथ कैरी किया है, आप किसी राजकुमारी से कम नहीं लग रहीं।' वहीं कई लोगों ने उनकी उम्र पर हैरानी जताते हुए लिखा, 'क्या आप सच में 51 की हैं? यकीन नहीं होता, आप तो अभी भी 25 की लगती हैं।' करिश्मा कपूर 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल रही हैं और अब भी उनका अंदाज नए कलाकारों को कड़ी टक्कर देता है। फैंस का कहना है कि करिश्मा का स्टाइल और ग्रेस उन्हें हमेशा युवा बनाए रखता है। उनके इस पोस्ट पर लगातार लाइक्स और कमेंट्स बढ़ रहे हैं और सोशल मीडिया पर यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।



## अपकमिंग फिल्म 'धमाल-4' को लेकर चर्चा में ईशा गुप्ता

अपनी अपकमिंग फिल्म 'धमाल-4' को लेकर एक्ट्रेस ईशा गुप्ता चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला। ईशा पहली तस्वीर में कमर पर हाथ रखकर दिलकश पोज देती नजर आईं, जबकि दूसरी तस्वीर में उनका अलग और स्टाइलिश लुक सामने आया।

इन तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींच लिया और कमेंट बॉक्स में तारीफों की बौछार शुरू हो गई। ईशा गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'जन्नत 2' से की थी, जिसमें वह इमरान हाशमी के साथ नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग और स्टाइल से पहचान बनाई। अब वह 'धमाल-4' में दिखाई देंगी, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया, जिसके बाद से फैंस का इंतजार और भी बढ़ गया है। यह फिल्म टी-सीरीज, देवगन फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। निर्देशन की कमान मशहूर फिल्ममेकर इंद्र कुमार के हाथ में है, जबकि अजय देवगन, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक ठकेरिया, इंद्र कुमार, आनंद पंडित और कुमार मंगत पाठक फिल्म के निर्माता हैं। साल 2011 में डबल धमाल और फिर टोटल धमाल आई, जिन्हें दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। अब धमाल-4 एक बार फिर हंसी और मनोरंजन का डोज देने के लिए तैयार है। यह फिल्म 2026 की ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन और ईशा गुप्ता के साथ संजय मिश्रा, संजीदा शेख, अंजलि आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पटकर और रवि किशन जैसे शानदार कलाकार भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फैंस का कहना है कि इस बार भी धमाल सीरीज अपनी पुरानी सफलता को दोहराएगी और उन्हें जोरदार कॉमेडी का तोहफा देगी। बता दें कि धमाल फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2007 में हुई थी, जिसमें संजय दत्त, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी की जोड़ी ने दर्शकों को खूब हंसाया।

## स्त्री-3 फिल्म सुनाएगी स्त्री के बचपन की कहानी




बालीवुड की अपकमिंग फिल्म थामा के साथ ही श्रद्धा कपूर की स्त्री मूवी सीरीज फिर एक बार सुर्खियों में है। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में है। दिनेश विजान के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में अब जल्द ही कुछ और नए किरदार जुड़ने जा रहे हैं। एक तरफ जहां थामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज कर दिया गया है, वहीं दूसरी तरफ मैडॉक फिल्म्स ने अपना एनिमेटेड मूवी भी अनाउंस कर दिया है। इसका नाम छोटी स्त्री होगा।

दिलचस्प बात यह है कि छोटी स्त्री की कहानी सीधे स्त्री-3 से कनेक्ट होगी। श्रद्धा कपूर ने आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा के ट्रेलर लॉन्च में इस फिल्म को फेंचाइसी से अपना पसंदीदा पार्ट बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि यह फिल्म ना सिर्फ एक मजेदार सफर साबित होगी, बल्कि आने वाली फिल्मों के लिए एक भूमिका भी रचेगी। इस बारे में श्रद्धा ने बताया कि इस एनिमेटेड शो को खासतौर पर बच्चों, परिवारों और मैडॉक फिल्म्स के पुराने फैंस को ध्यान में रखकर बनाया गया है। श्रद्धा कपूर ने कहा, जब दिनू (दिनेश विजान) ने मुझे इसके बारे में बताया तो मैंने कहा- सच में आपका नाम दिनेश विजन ही होना चाहिए।


प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने कन्फर्म किया कि छोटी स्त्री का क्लाइमैक्स सीधे तौर पर स्त्री-3 की कहानी से जुड़ा होगा। दिनेश विजान ने कहा, मजेदार बात यह है कि छोटी स्त्री की आखिर में एक सीन होगा जो सीधे स्त्री-3 से जुड़ा होगा। यह एनिमेशन से लाइव एक्शन में बदल जाएगा, साथ ही आपको यह भी बताएगा कि स्त्री की बैक स्टोरी क्या है। जहां एक तरफ दर्शक यह इंतजार कर रहे थे कि शायद उन्हें स्त्री की बैकस्टोरी स्त्री-3 में देखने को मिलेगी, वहीं मैडॉक फिल्म्स ने इसे एनिमेशन मूवी के जरिए दिखाने का ऐलान करके पूरा गेम ही बदल दिया है।

## पिछले 20 साल मेरे लिए दर्द से भरे रहे: रजत बेदी



सालों पहले कई हिट फिल्मों में नजर आने वाले विलेन रजत बेदी को हाल ही में आर्यन खान की डेब्यू सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया। इस सीरीज ने उन्हें एक नई पहचान और दोबारा ऑडियंस का प्यार दिलाया है। लेकिन रजत के लिए पिछले 20 साल दर्द से भरे रहे। इस मुश्किल वक्त में उनकी पत्नी उनके साथ खड़ी रहीं। रजत ने कहा, 'लोग सिर्फ मेरी वापसी देख रहे हैं, लेकिन पिछले 20 साल मेरे लिए दर्द से भरे रहे। मेरी पत्नी ने मेरा साथ नहीं छोड़ा, उन्होंने मेरे संघर्ष में बहुत दुख झेला। आज जब लोग मुझे पहचान रहे हैं, मेरी फैमिली भी इस खुशी को महसूस कर रही है।'

रजत बेदी ने लंबे वक्त तक फिल्मों से दूरी बना ली थी। 2000 के दशक में जब उनका करियर में ठहराव आया, तो उन्होंने एक्टिंग छोड़कर कनाडा जाना पड़ा। रजत ने वहां रियल एस्टेट का बिजनेस शुरू किया। लेकिन यह सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने बताया कि बिजनेस में भी कई बार उन्हें धोखाधड़ी और बुरे समय का सामना करना पड़ा। बैड्स ऑफ बॉलीवुड में रजत बेदी ने जरज सक्सेना का किरदार निभाया है। एक ऐसा असफल एक्टर, जो 15 साल तक कॉन्ट्रैक्ट में बंधा रहता है और हर संभव तरीका अपनाकर दोबारा इंडस्ट्री में वापसी करने की कोशिश करता है। दिलचस्प बात ये है कि यह किरदार कहीं न कहीं रजत की असली जिंदगी से मिलता हुआ लग रहा है।



## कई बार फीमेल किरदार निभा चुके हैं आसिफ शेख

छोटे परदे के मशहूर अभिनेता आसिफ शेख ने खुलासा किया कि अब तक वह 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। आसिफ ने बताया कि उन्होंने महिला किरदार 21 साल की लड़की से लेकर 86-90 साल तक की बुजुर्ग महिला तक के निभाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अपने आप में एक दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण अनुभव होता है। किरदार की तैयारी के बारे में बताते हुए आसिफ ने कहा कि उनकी अप्रोच काफी सरल रहती है। निर्देशक उन्हें ट्विस्ट बताते हैं और फिर वह सोचते हैं कि किरदार किस स्थिति में कैसा लगेगा। इसके बाद उनके असिस्टेंट उन्हें रेफरेंस भेजते हैं, जिन्हें मिलाकर किरदार का स्केच तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस स्केच के आधार पर कॉस्ट्यूम और विग चुने जाते हैं। अंत में किरदार की बोली-भाषा और एक्सेंट तय होता है।

आसिफ के मुताबिक, कभी-कभी किसी महिला किरदार को दिखाने के लिए खास तौर पर उसके बॉडी लैंग्वेज और एटिट्यूड पर काम किया जाता है। जैसे किसी मालिश वाली महिला के किरदार को निभाते समय उन्होंने उसकी चाल-ढाल और हाव-भाव को अलग अंदाज में पेश किया था। वहीं, किसी मॉडर्न और क्लासी लड़की को दर्शाने के लिए स्कर्ट और वेस्टर्न लुक अपनाया।

आसिफ शेख ने सिर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' में ही नहीं, बल्कि 'यस बॉस', 'हम आपके हैं इन लॉज', 'एफ.आई.आर.' और कई फिल्मों में भी महिला किरदार निभाए हैं।

इन सभी भूमिकाओं में उनकी अदाकारी को खूब सराहा गया है। आसिफ का मानना है कि किसी भी किरदार को पूरी ईमानदारी और बारीकी से निभाना जरूरी है, चाहे वह महिला हो या पुरुष। शायद यही वजह है कि आज भी वह टीवी की दुनिया में कॉमिक रोल्स के लिए सबसे पसंदीदा एक्टर्स में गिने जाते हैं। बता दें कि अपने सुपरहिट शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा के किरदार से घर-घर में जाने जाते हैं। इस शो में उनका किरदार दर्शकों को खूब हंसाता है, लेकिन इसके पीछे की मेहनत भी कम नहीं होती। कई बार उन्हें कहानी के हिसाब से अलग-अलग लुक अपनाने पड़ते हैं।

## बहुप्रतीक्षित क्रिएचर थ्रिलर फिल्म की तैयारी कर रहे सिद्धांत चतुर्वेदी



हाल ही में सिनेमाघरों में धड़क 2 रिलीज़ हुई, जिसके बाद से अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अब जब यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है, तो एक बार फिर फैंस उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थक रहे। सिद्धांत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसने उनके चाहने वालों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। तस्वीर में वह कड़ी ट्रेनिंग करते नज़र आए, लेकिन खास बात उनके हाथ में मौजूद कॉफी कप था, जिस पर देवगन फिल्म्स का लोगो साफ दिखाई दे रहा था। यही वजह है कि इंटरनेट पर अटकलें तेज़ हो गई हैं कि सिद्धांत अजय देवगन की प्रोडक्शन कंपनी की बहुप्रतीक्षित क्रिएचर थ्रिलर फिल्म के लिए तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू हो सकती है। 'गली बॉय', 'गहराइयां' और हाल ही में आई धड़क 2 जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले सिद्धांत इस बार एक बेहद शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने जा रहे हैं।

## 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' रिलीज से पहले सितारों का प्रमोशन

फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के रिलीज में अब सिर्फ एक दिन बाकी हैं फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी, और पूरी टीम फिल्म को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ लगातार प्रमोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में रोहित सराफ ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया है। वीडियो में वरुण, जाह्नवी, सान्या, रोहित और मनीष पॉल लग्जरी कार की सवारी कर रहे हैं और अपनी ही फिल्म के गाने 'बिजुरिया' पर धमाकेदार अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। सभी कलाकार अपने-अपने अंदाज में एक्सप्रेशन देते दिखते हैं, लेकिन वीडियो का सबसे मजेदार हिस्सा मनीष पॉल रहे। आखिर तक उनकी कॉमिक टाइमिंग और नटखट अदाएं सारी लाइमलाइट खींच लेती हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रोहित सराफ ने कैप्शन में लिखा 'हम अपने ही तरीके से नाचते रहेंगेज क्योंकि एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी हैज जाओ अपना टिकट बुक करो।'

बता दें कि फिल्म की एडवांस बुकिंग रविवार से शुरू हो चुकी है और दर्शकों में इसे लेकर अच्छी उत्सुकता देखी जा रही है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर चुनौती भी कम नहीं होगी, क्योंकि इसी दिन ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म 'कांतारा- चैप्टर 1' भी रिलीज होने जा रही है। 'कांतारा' जहां करीब 125 करोड़ रुपये के बजट में बनी है और कई भाषाओं में रिलीज होगी, वहीं 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का बजट लगभग 60 करोड़ रुपये है। ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल सकती है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 'बवाल' में नजर आए थे। सिनेमाघरों में फिल्म का प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। अब देखने वाली बात होगी कि यह नई जोड़ी बड़े परदे पर इस बार कितना धमाल मचाती है और बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है।



# बारिश भी नहीं रोक पाई विजयादशमी का जोश, भीगते हुए भी जुटी भारी भीड़

## हाथोज मैदान में गूंजे जय श्रीराम के नारे, रावण दहन का हुआ ऐतिहासिक आयोजन

**राजस्थानी लोक नृत्य, झांकियां और आतिशबाजी ने मोहा दर्शकों का मन**

**इंजीनियर कप्तान सिंह के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन, हर व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

**पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुड्डा समेत कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**





द डेस्प्रिंग

**जयपुर, वार्ड 26 (हाथोज करधनी पीथावास)।** विजयादशमी के पावन अवसर पर नगर निगम जयपुर के वार्ड नंबर 26 स्थित खेल मैदान, हाथोज करधनी पीथावास में भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन किया गया जिसने पूरे क्षेत्र को सांस्कृतिक उत्सव के रंग में रंग दिया इस मौके पर मेले का भी विशेष आयोजन हुआ, जिसमें झांकियों, लोक नृत्यों, आतिशबाजी और स्वादिष्ट व्यंजनों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग झांकियों से हुई जिसमें रामायण के विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया पारंपरिक राजस्थानी लोक नृत्य और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया इसके पश्चात रावण पुतले का दहन किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद जनसैलाब में कोई कमी नहीं आई दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था - लोग छातों और रेनकोट के साथ मैदान में डटे रहे चारों ओर उमंग, भक्ति और आनंद का वातावरण बना रहा बारिश से भीगी भूमि पर लोगों की आस्था और ऊर्जा ने आयोजन को और भी ऐतिहासिक बना दिया

### विविध आकर्षणों से सजा मेला

खेल मैदान में आयोजित मेले में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ विशेष था बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन की सामग्री, महिलाओं और युवाओं के लिए खरीदारी के स्टॉल, और सभी के लिए स्वादिष्ट व्यंजन - जैसे चाट, पकौड़ी, समोसे, मावा कचौरी और मिठाइयों की ढेर सारी वैरायटी आतिशबाजी का नज़ारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा जिसने आसमान को रोशनी से नहला दिया

### संगठित नेतृत्व और प्रशासनिक समन्वय से सफल रहा आयोजन

इस भव्य आयोजन का सफल संचालन वार्ड नंबर 26 के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता इंजीनियर कप्तान सिंह के नेतृत्व में किया गया उनके साथ वार्ड के कई अन्य कार्यकर्ताओं ने मिलकर आयोजन की सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन ढंग से संभालीं - चाहे वह सुरक्षा, मंच सज्जा, दर्शकों की बैठने की व्यवस्था हो या यातायात प्रबंधन

### गणमान्य अतिथियों की रही विशेष उपस्थिति

इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुड्डा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में एकता, परंपरा और जनसंपर्क को बल मिलता है

### आमजन में दिखा जबरदस्त उत्साह

स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया आयोजन के दौरान सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रहीं स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता, परंपरा और जनसंपर्क का जीता-जागता उदाहरण भी प्रस्तुत कर गया

## नदी-नालों की जमीन पर फिर भूमाफिया का कब्जा'

**उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद भी जारी है अवैध निर्माण**

**माचवा के खसरा नंबर 457/1105 पर फिर सक्रिय भूमाफिया**

**जेडीए कार्रवाई और तहसीलदार की रोक के बावजूद रफ्तार से चल रहा निर्माण**







द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने हाल ही में शहर की नदी-नालों की भूमि पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई जगहों से अतिक्रमण हटाया था। लेकिन, माचवा स्थित खसरा नंबर 457/1105, जो कि अब्दुल रहमान प्रकरण में दर्ज है, पर अभी भी भूमाफिया की पकड़ ढीली नहीं पड़ी है। सूत्रों के अनुसार, इस भूमि पर अवैध निर्माण कार्य लगातार जारी है। जबकि जेडीए जोन-12 ने कुछ समय पहले यहां कार्रवाई कर निर्माण कार्य रुकवाया था और संबंधित तहसीलदार ने भी निर्माण नहीं करने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद भूमाफिया की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई है कि न्यायालय और प्रशासन के निर्देशों को धता बताकर निर्माण कार्य चालू रखा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो नदी-नालों की भूमि पर फिर से पक्के अतिक्रमण खड़े हो जाएंगे, जिससे भविष्य में जल निकासी और बाढ़ जैसी गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। अब देखना यह होगा कि जेडीए और प्रशासन इस पर कड़ा कदम उठाकर उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करवाते हैं या फिर यह मामला भी ÷पिचर अभी बाकी है÷ की तरह लंबा खिंचता रहेगा।

## विशाल भंडारे में पहुंचे कई दिग्गज नेता व संत महात्मा हजारों श्रद्धालुओं ने पाया भंडारे में प्रसाद

**लड्डू गोपाल मीडिया कार्यालय पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन**







द डेस्प्रिंग

**अमित भारद्वाज रामगढ़ अलवर ।** रामगढ़ अलवर राजस्थान दशहरे पर्व को लेकर रामगढ़ कस्बे के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित श्री लड्डू गोपाल मीडिया कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया पत्रकार अमित भारद्वाज व पत्रकार अजय भारद्वाज के द्वारा भंडारे में पधारे संत श्री 108 नंदलाल जी महाराज व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कांग्रेस प्रत्याशी रहे आर्यन जुबेर खान रामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित बबली शर्माभूतपूर्व सैनिक कांग्रेस नेता जयराम मीणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल जैन भाजपा नेता पूर्व बार अध्यक्ष लाखन दत्त शर्मा का दुपट्टा उड़ाकर श्याम बाबा की स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया भंडारे मे आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हलवे पुरी आलू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर सेवादार ओमप्रकाश भारद्वाज रामेश्वर दयाल शर्मा काली सेन मोनू सेन गजेंद्र शर्मा जीतू शर्मा वंश भारद्वाज लकी कुकरेजा गौरव सोनी रोशन सैनी संदीप सेन नरेंद्र शर्मा पुनीत शर्मा विनय भारद्वाज सुंदरलाल अमरीश बाबू शर्मा उमरेन तरुण भारद्वाज विजय शेखावत राजकुमार रवि श्रीवास्तव व्यापारी दीपक अग्रवाल नरेश तिवारीसंदीप जैन दया किशन सैनी खाटू भारद्वाज अनमोल भारद्वाज दामिनी भारद्वाज पूजा तिवारी हिमांशी भारद्वाज एडवोकेट चंचल अमित भारद्वाज अनीता भारद्वाज सहित अनेक सेवादार मौजूद थे

## पीओके में जारी विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के बाद पाकिस्तान की सरकार झुकी

**संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी से बातचीत शुरु**



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते एक हफ्ते से जारी विरोध प्रदर्शनों और हिंसा के बाद पाकिस्तान की सरकार झुकती दिख रही है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने रास्ता निकालने के लिए जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएसी) से बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि उच्च-स्तरीय प्रयासों के बावजूद शरीफ सरकार की जेएसी और पीओके सरकार के बीच बातचीत बहुत आगे नहीं बढ़ सकी है। गुरुवार को तीनों पक्ष बातचीत के लिए बैठे लेकिन वार्ता कुछ समय बाद ही रुक गई।


जेएसी नेता शौकत नवाज मीर ने कहा है कि पाकिस्तान सरकार को कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हटकर मोबाइल-इंटरनेट सेवा बहाल करनी चाहिए। जेएसी कमेटी ने साफ किया है इसके बिना बातचीत जारी नहीं रखी जा सकती है। दूसरी ओर पाक सरकार के प्रतिनिधियों ने चीजें ठीक होने और शांति लौटने की उम्मीद जाहिर है। सरकार का कहना है कि जो कुछ बातचीत हुई है, वह अच्छे माहौल में हुई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की बात ध्यान से सुनी।

पाकिस्तान की शाहबाज सरकार ने कहा है कि वह पीओके के लोगों की जायज मांगों में उनके साथ है। हम चाहते हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के द्वारा होना चाहिए, सड़कों पर टकराव से ये नहीं होगा। पीएम शरीफ के कार्यालय की ओर से कहा गया है कि इस्लामाबाद से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पीओके भेजा गया है। बयान में कहा गया है कि शहबाज सरकार लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए तैयार है।

शरीफ सरकार ने यह कदम तब उठाया है, जब जेएसी ने विभिन्न मांगों को लेकर पीओके में हड़ताल बुलाई है। इसके चलते पूरा पीओके ठप्प पड़ा है। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान कई जगहों पर हिंसा हुई है। सुरक्षाबलों ने आम लोगों पर गोली चलाई है, तब कई जगहों पर सुरक्षाकर्मियों को पीटा गया है। पीओके में हिंसा के ताजा दौर में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। पीओके में हिंसा पर अंतर्राष्ट्रीय अधिकार समूहों ने चिंता जाहिर की है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार से शांतिपूर्ण सभा के अधिकार की रक्षा करने, प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग से बचने और संचार प्रतिबंधों को हटाने का आग्रह किया। पाकिस्तान के मानवाधिकार संगठनों ने हिंसा पर चिंता जाहिर की है।

## अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

**– हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे ; 3 की मौत, 1000 गिरफ्तार**




**रबात (एजेंसी)।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाडियों में तोडफ़ोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई। वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे।

मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डॉलर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपए) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है।

### प्रदर्शनकारियों का कोई नेता नहीं

युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को त्र्द्दठ्ठ 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को कॉल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोजगारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डॉक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है।

## अब हमास नहीं माना तो समझो खेल खत्म: ट्रम्प का अंतिम अल्टीमेटम कितना होगा प्रभावी



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अमेरिका ने बड़ा दांव चला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विगत रात वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। इसमें नेतन्याहू ने गाजा में सीजफायर पर सहमति जताई, जबकि ट्रम्प ने 20 पॉइंट का शांति प्लान दुनिया के सामने रखा, जिसकी भारत समेत अनेक देशों ने तारीफ की है। वहीं हमास तुरंत हथियार डालने के पक्ष में नहीं है, उसे सोचने-विचारने के लिए समय चाहिए। इस बीच वैश्विक प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि यह राह इतनी आसान भी नहीं है, जितनी कि ट्रंप फार्मूला का समर्थन करने वाले बता रहे हैं।

बहरहाल अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने साफ लफ्जों कह दिया, कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजराइल को उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इस कदम में उसका साथ देगा। मतलब साफ है कि अब हमास के पास कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है, उसे इसे मानना ही पड़ेगा, वर्ना खेल खत्म है। दरअसल इजराइली प्रधानमंत्री ने इस प्लान को लेकर कहा है, कि गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन बनाया जाएगा और हमास के हथियार पूरी तरह हटाए जाएंगे। इसके बाद इजराइल धीरे-धीरे गाजा से पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी भी दी कि यह प्रक्रिया आसान या मुश्किल, किसी भी तरीके से पूरी की जाएगी।

### हमास और फिलिस्तीन की प्रतिक्रिया

हमास ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए हथियार डालने से इनकार कर दिया। उसका कहना है कि अब तक उसे इस प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। दूसरी ओर, फिलिस्तीनी सरकार ने ट्रम्प की पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे शांति की नई उम्मीदें जागी हैं। यहां गाजा में शांति सेना भेजने के लिए तैयार बैठे पाकिस्तान के लिए भी रास्ता आसान नहीं है। दरअसल इस मामले को लेकर शहबाज सरकार अपने ही घर में घिरती दिखी है। ट्रंप प्लान का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान के लोगों ने अपनी ही सरकार को आड़े हाथों लिया है। इससे स्पष्ट है कि यह रास्ता उतना भी आसान नहीं रहने वाला, जितना कि ट्रंप ने प्लान रखते हुए बताया है।

ट्रम्प का कहना है कि यह योजना गाजा में स्थायी शांति, विकास और बेहतर जीवन का रास्ता खोल सकती है। लेकिन, सबसे बड़ी बाधा हमास की स्वीकृति है। अगर हमास मानता है तो संघर्ष का अंत संभव है, और अगर नहीं, तो ट्रम्प के शब्दों में- 'खेल खत्म।'

## डेल्टा एयरलाइन के विमान आपस में टकराए, एक का पंख तो दूसरे की नोज टूटी

**-यात्रियों में मचा हड़कंप, सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीरें वायरल**



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बुधवार रात ला गार्डिया एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस की दो फ्लाइट्स आपस में टकरा गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक डेल्टा रीजनल जेट गेट की ओर बढ़ रहा था, जबकि उसी समय दूसरी डेल्टा फ्लाइट लैंडिंग के बाद गेट की तरफ आ रही थी। इसी दौरान दोनों के रास्ते टकरा गए और अचानक रीजनल जेट का पंख दूसरी फ्लाइट की नोज से जा टकराया। टक्कर से रीजनल जेट का पंख टूटकर गिर गया। एटीसी के ऑडियो के हवाले से कहा गया है कि पायलट्स ने स्थिति को तुरंत रिपोर्ट किया, लेकिन तब तक हादसा हो चुका था। इस टक्कर के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। यात्रियों को अचानक जोर का झटका लगा और लोग डर के मारे उठ खड़े हो गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि बड़ा नुकसान नहीं हुआ। एक यात्री के घायल होने की खबर है। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल हो रहा है। फोटो में साफ दिख रहा है कि एक विमान का पूरा पंख गायब है, जबकि दूसरी फ्लाइट का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिस विमान ने टक्कर मारी है उस पर नंबर 15480 साफ नजर आ रहा है। तस्वीरों में यात्री विमान से बाहर निकलते और रनवे पर खड़े दिख दहे हैं। वहीं, क्रू मेंबर्स और सुरक्षा अधिकारी हालात को काबू में करने की कोशिश कर हैं। हालांकि, अब तक ला गार्डिया एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## जापान में बन सकती हैं पहली महिला पीएम

**-साने ताकेइची पांच उम्मीदवारों में सबसे मजबूत**

टोक्यो (एजेंसी)। जापान में पीएम शिगेरू इशिबा ने 7 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी पार्टी में 4 अक्टूबर को पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है। ऐसे में यह चुनाव जो भी जीतेगा उसे संसद में वोटिंग के बाद पीएम बनाया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष पद बनने की रेस में पांच उम्मीदवार हैं। लेकिन मुकाबला दो उम्मीदवारों के बीच ही है। एक सर्वे के मुताबिक, पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची 34.4 प्रतिशत वोट के साथ सबसे आगे हैं। दूसरे नंबर पर कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी हैं, जिन्हें 29.3 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। अगर ताकाइची यह चुनाव जीतती हैं तो वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। वहीं, कोइजुमी चुनाव जीतते हैं तो वे देश के सबसे युवा (45 साल) पीएम बनेंगे।

## इस्लामाबाद प्रेस क्लब में प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों पर पुलिस ने किया हमला

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ इस्लामाबाद प्रेस क्लब में प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर पुलिस के अचानक हमले के बारे में है। पुलिस प्रदर्शन खत्म कराने पहुंची, झड़प शुरू हुई। कुछ प्रदर्शनकारी भागकर प्रेस क्लब में घुस गए, जिनका पीछा करते हुए पुलिस क्लब के अंदर चली गई और लाठीचार्ज किया। पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से घटना को रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तब पुलिस के द्वारा उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। घटना पर पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई और वरिष्ठ पत्रकारों ने पुलिस की कार्रवाई को प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। वहीं पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश देकर कहा कि पत्रकारों पर हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी और दोषी पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार जांच कराएगी और जिम्मेदारों को सजा मिलेगी। उन्होंने बोलने की आजादी के समर्थन की बात भी कही। यह घटना पाकिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता और पुलिस के बल प्रयोग को लेकर सवाल खड़े करती है।

## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने गांधी के संदेशों में शक्ति और प्रेरणा तलाशने का आह्वान किया

न्यूयार्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महात्मा गांधी के संदेशों में शक्ति और प्रेरणा तलाशने का आह्वान किया है ताकि एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण किया जा सके। उन्होंने 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर कहा कि गांधीजी समझते थे कि अहिंसा कमजोरों का नहीं, बल्कि साहसी लोगों की ताकत है। यह शक्ति बिना घृणा के अन्याय का विरोध करने, क्रूरता के बिना उत्पीड़न का सामना करने, और सम्मान के माध्यम से शांति स्थापित करने की है। गुटेरेस ने मौजूदा खतरनाक और विभाजित समय पर चिंता व्यक्त की, जहां हिंसा संवाद का स्थान ले रही है और शांति की नींव दबाव में है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी गांधी के नेतृत्व का अनुसरण करें ताकि दुखों को समाप्त किया जा सके, कूटनीति को आगे बढ़ाया जा सके, विभाजनों को दूर किया जा सके और सभी के लिए एक न्यायपूर्ण, स्थायी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाई जा सके।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447